# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–209 । सागर, रविवार, 17 सितंबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए


नौकरी के प्रलोभन देने वाला ठग पकड़ाया पृष्ठ 3
▪ हिन्दू या मुसलमान
▪ हिंदी के घर हिंदी दिवस पृष्ठ 4
▪ दूषित पानी पीने से 2 महिलाओं सहित 3 लोगों की मौत पृष्ठ 6
दमोह पुलिस ने किया ई-रर्निंग का उद्घाटन पृष्ठ 7

जनआशीर्वाद यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने की घोषणा

## गुना में मेडिकल कॉलेज प्रारंभ होगा, नगर निगम भी बनाएंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि गुना में मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किया जाएगा। इसके साथ ही गुना को नगर निगम भी बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आज गुना में जनअशीर्वाद यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि गुना के विकास में कोई बाधा नहीं आने दी जाएगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने मुख्यमंत्री श्री चौहान का गुना की माटी में स्वागत किया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाडली बहनों ने शहर में मेरा राखी बांधकर स्वागत किया है। बहनों के जीवन में कभी अंधेरा नहीं रहने दूंगा। मेरी जान भी चली जाए लेकिन बहनों पर और नागरिकों पर मेरा विश्वास बना रहेगा। पूर्व सरकार ने गुना को प्यासा रखा था। हमने गुना के समग्र विकास के लिए कार्य किया है। सरकार का संचालन एक परिवार की तरह हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लाड़ली बहना योजना सहित अन्य योजनाओं का उल्लेख किया जिससे लाखों परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा जनता ने लाड़ली बहना योजना को पसंद किया है। यह एक योजना ही नहीं, बहनों का मान-सम्मान भी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इस योजना से बहनों के साथ न्याय करने और उनको मुस्कराने का अधिकार दिया गया है। इस योजना पर 15,000 करोड खर्च किए जाएंगे। बहनों को मिलने वाली राशि ?3000 तक बढ़ाई जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से छूटे हुए हितग्राहियों के लिए नई आवास योजना प्रारंभ की जा रही है।

### शिवराज जी को बच्चे, बहनें और सभी नागरिक प्रेम करते हैं



पटना के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कार्यक्रम में कहा कि अच्छी बारिश हो रही है। मैं, शिवराज सिंह जी के प्रति लाडली बहनों और नागरिकों का प्रेम मध्यप्रदेश में देख रहा हूँ। उनके भांजे भांजियां उन्हें बहुत स्नेह करते हैं। जब बच्चे उन्हें कहते हैं मामा आई लव यू तब शिवराज जी कहते हैं आई लव यू टू। मुख्यमंत्री सरल स्वभाव आकर्षित करता है। वे सहज हैं। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया सहित गुना जिले के अनेक जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में भी आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

कांग्रेस की जन आक्रोश यात्राएं 19 से होंगी शुरू, कमलनाथ ने कहा-

# भाजपा के 4 चेहरे- मिलावटी, सजावटी, दिखावटी और बनावटी



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा द्वारा प्रदेश भर में निकाली जा रही जनआशीर्वाद यात्राओं के जवाब में कांग्रेस 19 सितम्बर से 7 जन आक्रोश यात्राएं निकालेगी। इसके लिए पार्टी ने अलग-अलग नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी है, पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ और पार्टी के प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी है। इन नेताओं ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान कमलनाथ ने कहा कि भाजपा के 4 नए चेहरे हैं। मिलावटी भाजपा, सजावटी भाजपा, दिखावटी भाजपा, बनावटी भाजपा। सुरजेवाला ने कहा कि ये जन आक्रोश यात्राएं प्रदेश की बदहाली और बर्वादी के खिलाफ हैं, इसके लिए भाजपा जिम्मेदार है।

कमलनाथ ने कहा कि प्रदेश की सबसे बड़ी चुनौती बेरोजगार नौजवान हैं। भविष्य का निर्माण करने वाले युवाओं का भविष्य अंधेरे में है। गांव में युवाओं का मजाक उड़ाया जा रहा है। बीटेक करने के बाद भी मौका और रोजगार नहीं मिल रहा, ग्रामीण क्षेत्र के नौजवान सबसे बड़ी चुनौती है। 70 फीसदी अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है। कृषि क्षेत्र की चुनौती हमारी सबसे बड़ी चुनौती थी, इसे सबसे पहले कांग्रेस ने पहचाना था। हमारे प्रदेश की अर्थव्यवस्था छोटी-छोटी दुकानों से चलती है। कमलनाथ ने कहा कि शिवराज सरकार में हर तरफ घोटाले और भ्रष्टाचार है। यह प्रदेशवासियों के भविष्य का चुनाव है। 18 सालों की प्रदेश की बदहाली और बर्बादी का जनता में भाजपा राज के खिलाफ जो असंतोष था, वो अब जनाक्रोश में तब्दील हो गया है। जनता की इसी आवाज को सुनकर कांग्रेस जनाक्रोश यात्रा का आगाज कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की एक-एक विधानसभा में यात्रा जाएगी। हम इसमें सबको शामिल करेंगे, क्योंकि यही कांग्रेस है। इस यात्रा में पार्टी द्वारा भाजपा सरकार के खिलाफ जारी आरोप पत्र गांव-गांव, घर-घर पहुंचाया जाएग, 18 वर्ष के भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार को जनता को बताया जाएगा।

### *बुनियादी मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही भाजपा : सुरजेवाला*

*कांग्रेस महासचिव एवं मध्य प्रदेश के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि भाजपा व उसके नेता सनातन धर्म के मामले को लेकर लोगों का मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रहे हैं।*

*तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पुत्र द्वारा सनातन धर्म को लेकर दिए गए विवादास्पद बयान को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में सुरजेवाला ने कहा कि सनातन धर्म हमेशा से है, था और रहेगा। लेकिन भाजपा के नेता इस मामले को लेकर जनता से जुड़े वास्तविक मुद्दों से ध्यान हटाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य नेता क्यों नहीं बोलते हैं। इसके अलावा महंगाई, रोजगार भी मुद्दे हैं। इस बारे में भाजपा नेता क्यों नहीं बोलते। सुरजेवाला ने कहा कि मध्यप्रदेश में व्यापमं घोटाला हुआ। पटवारी परीक्षा के पेपर बिके और भी घोटाले हैं। भ्रष्टाचार भी है। इन सबके बारे में मोदी और अन्य भाजपा नेता क्यों नहीं बोलते।*

### कमलनाथ के चुनाव लड़ने पर केन्द्रीय नेतृत्व करेगा फैसला

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के विधानसभा चुनाव लड़ने या न लड़ने के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में सुरजेवाला ने कहा कि इस बारे में पार्टी का केन्द्रीय नेतृत्व फैसला करेगा। अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जन आक्रोश यात्रा का पूरा कार्यक्रम और इससे संबंधित रणनीति कमलनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने तैयार की है।

### 7 प्रमुख नेता करेंगे अगुवाई

जन आक्रोश यात्रा की अगुवाई के लिए कांग्रेस ने 7 प्रमुख नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी है। श्योपुर से नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह 1600 किमी, जबेरा से पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव 1700 किमी, चितरंगी से पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल 1900 किमी, सिमरिया से पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल 1400 किमी, हरदा से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी 1400 किमी, खरगोन से कांतिलाल भूरिया 1700 किमी और मंदसौर से पूर्व मंत्री जीतू पटवारी 1700 किमी का सफर तय करेंगे। जनाक्रोश यात्रा कुल 11 हजार 400 किमी की दूरी तय करेगी।

### इंडिया गठबंधन की रैली स्थगित

भोपाल में अक्टूबर के पहले हफ्ते में प्रस्तावित इंडिया गठबंधन की रैली स्थगित कर दी गई है। कमलनाथ ने यह जानकारी मीडिया को दी। उन्होंने कहा कि गठबंधन की रैली भोपाल में प्रस्तावित थी अब यह रैली नहीं होगी।

हैदराबाद में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक, केंद्र पर बरसे खड़गे

# मणिपुर व नूंह की घटना से देश की छवि पर लगा धब्बा

### कांग्रेस ने की जाति जनगणना शुरू कराने की मांग



देश आज कई गंभीर आंतरिक चुनौतियों से जुझ रहा है। मणिपुर की दिल दहला देने वाली घटनाओं को पूरी दुनिया ने देखा : मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष
कांग्रेस कार्य समिति तेलंगाना और भारत के सभी लोगों के लिए सम्मान के साथ विकास का एक नया अध्याय लिखने के लिए तैयार हैः सोनिया गांधी, कांग्रेस नेता

**हैदराबाद, एजेंसी।** हैदराबाद में चल रही कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जी-20 के आयोजन पर हुए खर्च को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, 'रोटेशन के तौर पर मिली जी-20 की अध्यक्षता के आयोजन में 4 हजार करोड़ रुपए खर्च हुए और अब रोटेशन से इसकी अध्यक्षता ब्राजील को मिल चुकी है।'

कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि 'इंडिया' गठबंधन की बैठकों की कामयाबी के बाद सरकार ने जांच एजेंसियों को विपक्षी दलों से बदला लेने के लिए लगा दिया है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मणिपुर और नूंह की घटना से देश की छवि पर धब्बा लगा है, वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने केंद्र सरकार से जाति जनगणना शुरू कराने की मांग की। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश आज कई गंभीर आंतरिक चुनौतियों से जुझ रहा है। मणिपुर की दिल दहला देने वाली घटनाओं को पूरी दुनिया ने देखा। वहां 3 मई 2023 से लेकर आज तक हिंसा जारी है। मणिपुर की आग को मोदी सरकार ने हरियाणा में नूंह तक पहुंचने दिया। यहां हिंसा की वारदातें हुईं, जिस कारण राजस्थान, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में सांप्रदायिक तनाव फैला। ऐसी घटनाएं आधुनिक, प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्ष भारत की छवि पर धब्बा लगाती है. ऐसे हालात में सत्ताधारी दल, सांप्रदायिक संगठन और मीडिया का एक वर्ग, आग में घी डालने का काम करता है। इससे देश का 'सर्वधर्म समभाव' बिगाड़ता है. हमें मिलकर ऐसी ताकतों की पहचान करके उन्हें बेनकाब करते रहना है।

केंद्र सरकार आंकड़ों की हेराफेरी कर रही है। 2021 की जनगणना न कराने से 14 करोड़ लोग फूड सिक्योरिटी एक्ट से और करीब 18 फीसदी लोग मनरेगा से बाहर हो गए। मनरेगा की मजदूरी महीनों लंबित रहती है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, हमारी मांग है कि 2021 जनगणना की प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाए। उसके साथ ही जातिगत जनगणना भी कराई जाए, ताकि समाज के जरूरतमंद तबके को स्वास्थ्य, शिक्षा, नौकरी और फूड सिक्योरिटी समेत दूसरे हक मिल सकें। आजादी के बाद बनी देश की बहुमूल्य संपत्तियों को मोदी सरकार चंद पूंजीपति मित्रों के हवाले कर रही है। उनके फायदे के लिए नीतियां बदली जा रही हैं, उनके हक के कानून बन रहे हैं। पिछले दिनों पीएम के करीबी कारोबारी की कंपनियों में 20 हजार करोड़ रुपये का शेल कंपनियों द्वारा निवेश हुआ। इसका पर्दाफाश होने पर भी मोदी सरकार जांच नहीं करा रही है। सारे बड़े घोटालों पर सरकार मौन है, पर्दा डाल रही है।

प्रधानमंत्री और भोजपा नेताओं के हमलों से हमारे 'इंडिया' गठबंधन की 3 बैठकों की सफलता का अंदाजा लगाया जा सकता है। हमारा कारवां जैसे-जैसे आगे बढ़ेगा, इनके हमले तेज होंगे। 'इंडिया' गठबंधन की मुंबई में हुई बैठक के बाद ईडी, आईटी, सीबीआई को सरकार ने विपक्षी नेताओं से राजनीतिक बदला लेने के लिए लगा दिया है। ये स्वस्थ लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है, लेकिन अफसोस कि यही हकीकत है।




संसद के विशेष सत्र की सभी तैयारियां पूरी

# नए संसद भवन में मंत्रियों को आवंटित किए गए कमरे

### 19 से दोनों सदनों की कार्यवाही नए भवन में होगी शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद का विशेष सत्र 18 सितंबर से शुरू होने जा रहा है। पांच दिन तक चलने वाले इस सत्र के लिए तीन दिनों के रिहर्सल के बाद संसद का पुराना और नया, दोनों ही भवन सत्र के लिए तैयार है। विशेष सत्र के दूसरे दिन यानी 19 सितंबर से संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही नए भवन में शुरू होनी है और इसके लिए तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई है। बताया जा रहा है कि, नए संसद भवन में सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले सरकार के मंत्रियों को उनके कार्यालय के लिए कमरों का आवंटन भी कर दिया गया है। केंद्र सरकार के वरिष्ठ 11 कैबिनेट मंत्रियों- अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, पीयूष गोयल, निर्मला सीतारमण, एस जयशंकर, धर्मेंद्र प्रधान, स्मृति ईरानी, नरेंद्र सिंह तोमर, अश्विनी वैष्णव और अर्जुन मुंडा को नए संसद भवन में अपर ग्राउंड फ्लोर पर कार्यालय के लिए कमरा आवंटित किया गया है। जानकारी के मुताबिक, अमित शाह को अपर ग्राउंड फ्लोर पर कमरा नंबर जी-33, राजनाथ सिंह को जी-34, नितिन गडकरी को जी-31, पीयूष गोयल को जी-30, निर्मला सीतारमण को जी-12, एस जयशंकर को जी-10, धर्मेंद्र प्रधान को जी-41, स्मृति ईरानी को जी-8, नरेंद्र सिंह तोमर को जी-11, अश्विनी वैष्णव को जी-17 और अर्जुन मुंडा को नए संसद भवन में कमरा नंबर जी-9 आवंटित किया गया है। पुराने संसद भवन में इन वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों का कार्यालय ग्राउंड फ्लोर पर स्थित कमरों में था।


देशबन्धु

# राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क की 60 किलोमीटर की दूरी में बने हजारों गड्ढ़े, वाहन चालको को बने मुसीबत

**मालथौन, देशबन्धु।** राष्ट्रीय राजमार्ग 44 लखनादौन से कन्याकुमारी चार लाइन कॉरिडोर की हालत बहुत खस्ताहाल हो गई। सड़क की हालत इतनी दयनीय हो गई सड़क में गड्ढ़े या गढ्डों में सड़क है यहा कहने से कोई गुरेज नहीं। आलम है कि आए दिन गढ्डों की वजह से सड़क हादसे घट रहे हैं। सागर से मालथौन की दूरी में हजारों गड्ढ़े दोनो तरफ की सड़क पर उभर आए हैं जो बरसात में स्वीमिंग पूल की तरह दिखाई दे रहे हैं, सड़क गढ्डों में तब्दील हो गई हैं। यहां की संबधित सड़क ऑथरिटी कुम्भकर्ण की नींद में सो रही है सड़क के मेंटिनेंस में घोर लापरवाही बरत रही है विगत महीनों में कई दफा सड़क गढ्डों में या गढ्डों में सड़क सुर्खियों में रही लेकिन कोई अब तक गढ्डों को भरने की सुध नहीं ली। भारत सरकार के केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी बेहतर सड़क सुविधाए प्रदान करने लिए के लिए टोल टैक्स की पैरवी करते आए है। जब खराब सड़क पर यात्री सफर करने को मजबूर है गढ्डों वाली सड़क से फिर मोटर वाहन मालिकों से टोल बसूली क्यों..? मालथौन टोल प्लाजा के नाक के सामने की सड़क पर अनगिनत गड्ढ़े हैं जो दिखाई नहीं दे रहे है। बरसात में नेशनल हाइवे 44 सड़क मार्ग के गड्ढ़े स्वीमिंग पूल बने हुए है। यह सागर ललितपुर फोरलेन सड़क का नजारा हैं इन दिनों बना हुआ हैं। सड़क के गढ्डों में बरसात के पानी से लबालब भरे हुए है जो स्वीमिंग पूल की तरह दिखाई दे रहे है मोटर वाहन स्विमिंग का मजा लेते जा रहे हैं। ऐसी सड़क गढ्डों से युक्त में कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है साथ मे सवारियों की कमर के साथ साथ वाहनों के अस्थि पंजर तोड़ रहे है। वहीं गढ्डों में अनियंत्रित होकर वाहन हादसों के शिकार हो रहे हैं गढ्डे काल के गाल साबित हो रहे हैं। फोरलेन सड़क से सफर करना बहुत महंगा है साथ मे जान का जोखिम। सैकड़ो रुपये टोल नाको पर बेहतर यातायात सुविधाओं के नाम पर मोटर मालिको से बसूले जा रहे है सुविधाए जीरों। ट्रक और कार चालको को गढ्डों की वजह से क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। फिर भी उन्हें खस्ताहाल से सड़क से जूझना पड़ रहा हैं। ट्रक चालक फूल सींग ने बताया की ललितपुर से सागर तक गड्ढ़े ही गड्ढ़े नजर आ रहे हैं। बाइक चालक अजय सिंह का कहना की सड़क के इतने बड़े बड़े गड्ढ़े हो गए हैं गढ्डों में बाइक समा जे हैं सागर से मालथौन की दूरी हजारों गड्ढे हो गए हालत बहुत बुरी है। बाइक चालक अरविंद सिंह लोधी ने बताया कि फोर लेन सड़क की हालत बहुत बेकार हो गयी हैं बरसात का पानी गढ्डों में भरा होने से अब नजर नहीं आते हैं बहुत परेशानी होती है हादसों का डर रहता हैं। कार चालक अर्पित जैन ने बताया मालथौन से टोल प्लाजा की 2 किमी की दूरी में सैकड़ो गड्ढ़े बड़े बड़े आकार के दिखाई दे रहे है। गढ्डों की वजह गाड़ी चलाने में बहुत कठिनाई हो रही हैं। जबकि यह टोल रोड है एक बार कार से निकलना का 160 रुपये लगते हैं जब रोड खराब है फिर टोल क्यो लग रहा हैं।



## पुलिस ने गाड़ी का पीछा कर पकड़ी अवैध शराब



**सागर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संजीव उइके द्वारा आगामी चुनाव को देखते हुए अवैध शराब विक्रय एवं परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही हेतु लगातार निर्देश दिए जा रहे थे जिसको दृष्टिगत रखते हुए अनुविभागीय अधिकारी पुलिस खुरई सचिन परते के नेतृत्व में थाना बांदरी प्रभारी सुमेर सिंह जगेत को 16 सितम्बर को रात्रि मे सूचना मिली की एक इको स्पोर्ट्स कार क्रमांक एमपी 15 सीसी 8564 सागर से बांदरी तरफ जा रही है इसमें अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब होने की संभावना है, उक्त सूचना पर तत्काल मुखबिर तंत्र सक्रिय कर एक टीम थाना बांदरी से रवाना की गई काफी देर तक इंतजार करने उपरांत उपरोक्त नंबर की गाडी आती दिखी जिसे पुलिस ने मौका देखकर पीछा कर पकड़ने का प्रयास किया तो उक्त वाहन तेजी से भागा जिसे सचिन लोधी बांदरी का चला रहा था काफी देर तक भागने के उपरांत जब पुलिस पकड़ के नजदीक आने लगा तो उक्त वाहन चालक ने गाडी रोड के किनारे खड़ी करके वाहन छोड़कर खेत से होते हुए भागा जिसका काफी देर तक पीछा पुलिस ने किया किन्तु अंधेरे का फायदा उठाकर वह भागने में सफल हुआ। गाडी चेक करने पर उसमे 300 पाव देशी मसाला शराब कुल 55 लीटर कीमती करीब तीस हजार रुपए की मिली जैसे पुलिस ने धारा 34(2) आबकारी एक्ट अंतर्गत जप्त कर प्रकरण पंजीबद्ध कर फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। उक्त कार्यवाही सउनि आर के तिवारी, आरक्षक राजेंद्र, लोकेन्द्र, राहुल द्वारा की गई।

## सार-समाचार

### भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ की बैठक सम्पन्न



**सागर, देशबन्धु।** भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ की बैठक में भाजपा ने पिछले 20 वर्षो में मप्र के विकास के लिए क्या कार्य किये वह बताए गये एवं व्यापारियों से सुझाव लिए गए। व्यापारियों ने नगर में व्यापार के विकास के लिए काफी उपयोगी सुझाव दिए जो पार्टी को प्रेषित किये जायेंगे। ज्ञातव्य हो यह चाय पर बैठक अभियान सभी विधानसभाओं में चलाया जा रहा है कुछ व्यापारी ने भाजपा सदस्यता अभियान के तहत सदस्यता ली। जिसमे विभिन्न संगठनों के कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित हुए इनमें कपड़ा थोक वस्त्र व्यवसाय, रेडीमेड वस्त्र यूनियन, किराना व्यवसाय संघ, कैंट सदस्य, उधोग भारती, गेडा जी काम्प्लेक्स व्यापारी संघ, हार्डवेयर व्यवसाय संघ एवं ट्रांसपोर्ट यूनियन, कमलेन्द्र जैन, अशोक बालाजी, राजकुमार पड़ेले, संदीप अग्रवाल, अखिलेश समैया, जयकुमार जैन, नितिन पटैरिया आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### पुलिस ने ईनामी फरार आरोपी को किया गिरफ्तार



**बीना, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी द्वारा फरार सभी आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु आदेश किया गया था। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना एवं अनुविभागीय अधिकारी के मार्गदर्शन में और थाना प्रभारी भरत सिंह ठाकुर के नेतृत्व में थाना बीना के अपराध क्रमांक 440/23 धारा 304, 34 ताहि, 3(2)(5) एससीएसटी एक्ट में फरार 1000 रूपये के ईनामी आरोपी राघवेंद्र ठाकुर पिता किशोर सिंह ठाकुर उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम धई थाना बीना को शनिवार को ग्राम लायरा थाना कुरवाई जिला विदिशा से गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय सागर पेश किया, न्यायालय द्वारा आरोपी को जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी नईबस्ती रामदीन सिंह, चंद्रभान सिंह, सौरभ रैकवार साइबर सेल, बनवारी लाल पटेल, लोकेन्द्र सिंह यादव, मुकुल शुक्ला, यशवंत सिंह राजपूत की भूमिका रही।

### बाइक और स्कूटी की टक्कर में महिला और युवक हुआ घायल



**बीना, देशबन्धु।** खिमलासा रोड़ स्थित तहसील कार्यालय के पास बाइक और स्कूटी में टक्कर हो गई। घटना में एक महिला व एक व्यक्ति को चोटें आई हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी अनुसार महेश पिता गौरीशंकर विश्वकर्मा 24 निवासी वीरसावरकर वार्ड कन्या स्कूल में अतिथि शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं। वह स्कूल जा रहे थे तभी सामने से आ रही एक स्कूटी से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। हादसें में बाइक चालक महेश और स्कूटी पर सवार महिला को चोट आई हैं। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने तत्काल घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया और घटना की जानकारी पुलिस को दी।

### डेयरियो से 20 भैंसों को शहर से बाहर शिफ्ट किया

**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त राजेश सिंह की उपस्थिति में हुई कार्रवाई के तहत 20 भैंसों को शहर से बाहर शिफ्ट करने की कार्रवाई की गई। चंद्रशेखर वार्ड स्थित महाराज सिंह ठाकुर की डेयरी के 10 पशु कुरवाई एवं रविशंकर वार्ड स्थित रविन्द्र घोषी के 10 पशु किल्लाई शिफ्ट किए गए। कुल 20 पशु शहर से बाहर शिफ्ट किए गए।

## ग्रामीण इलाकों में चोर सक्रिय घरों को बना रहे निशाना, चार घरों में चोरी की बारदात, गांव वालों ने सौंपा ज्ञापन



**मालथौन, देशबन्धु।** अब चोर ग्रामीण इलाकों में सक्रिय है गांवों में रात के अंधेरे में घरों को निशाना बना रहे है। बीते दो दिन पहले थाना क्षेत्र के पडरिया ग्राम में अलग-अलग चार घरों में चोरों ने दस्तक दी है। अज्ञात चोरों ने घरों के ताला तोड़कर चांदी के जेवरात और नगदी पैसे चुराने का मामला थाना मालथौन के बेसरा पुलिस चौकी अंतर्गत पड़रिया ग्राम से सामने आया है गांववासियों ने सामूहिक रूप से पुलिस थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। जिस पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई। जानकारी के अनुसार मालथौन के ग्राम पडरिया के सरपंच और गांव के लोगो ने पुलिस थाना में पहुंचकर गांव में हुई चोरी की घटनाओं के संबंध में टीआई को ज्ञापन दिया हैं। ग्राम में पुलिस गश्त की मांग की हैं। बीते दो दिन पहले सरपंच सहित चार अलग-अलग घरों में चोरी की एक ही रात में घटनाएं हुई। तीन घरों से चांदी जेवरात और रखे नगदी रुपये चोरी कर ले गए। सरपंच प्रतिनिधि ब्रजेन्द्र सिंह राजपूत ने बताया कि गांव में बाहरी लोग आते हैं रात में मेरे घर के ताला तोड़ने का प्रयास किया गया और गांव में चार घरों में चोरी की घटनाएं हुई हैं। इस संबंध हम लोगो द्वारा पुलिस से गश्ती की मांग की हैं। थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह ने इस संबंध में कहना है कि पडरिया गांव के सरपंच व साथ में नागरिकों द्वारा जानकारी प्राप्त हुई है। चार-पांच घरों में चोर घुसे थे कुछ घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया है कुछ घरों में प्रयास किया गया हैं। राजेन्द्र सिंह राजपूत, गजेंद्र सिंह राजपूत, बबलू अहिरवार, गोलू अहिरवार के यहां से चोरी हुई है। चांदी के जेवरात और कुछ नगदी रुपये चुरा ले गए। ज्ञापन के माध्यम सरपंच और नागरिकों द्वारा रात्रि में पुलिस गश्त कराई जाने की अपेक्षा रखी हैं। थाना पुलिस वाहन से गश्त कराई जाएगी ग्राम रक्षा समिति को तैयार किया जायेगा।

## मातृ मृत्यु दर कम करने फील्ड में जाकर ट्रेनिंग दें: कमिश्नर

### संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न



**सागर, देशबन्धु।** संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने चिकित्सकों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि प्रसव के दौरान होने वाली मातृ मृत्यु को रोकने के लिए फील्ड पर जाकर स्वास्थ्य अमले को प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। डॉ. रावत एक होटल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मातृ मृत्यु रोकने के लिए आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में क्षेत्रीय संचालक डॉ. ज्योति चौहान और सीएमएचओ डॉ. ममता तिमोरी भी उपस्थित थी। डॉ. रावत ने कहा कि मातृ मृत्यु को रोकने के उपायों को सुझाने के लिए ऐसी बैठकें नियमित होनी चाहिए। क्यांकि, समीक्षा बैठकों में जब प्रसूति रोग विशेषज्ञ से लेकर आशा कार्यकर्ता एक स्थान पर एकत्रित होंगे तो इस दिशा में गंभीरता पूर्वक विचार-विमर्श होगा। केस स्टडी से अन्य चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ को भी जानकारी मिलेगी और वे बेहतर प्लानिंग कर सकेंगे। जिलों में तहसील, ब्लॉक व ग्राम स्तर पर तैनात स्वास्थ्य अमले को आवश्यकता पड़ने पर वरिष्ठ चिकित्सकों से सलाह मशविरा करना चाहिए। वैसे मप्र में दिनों-दिन मातृ मृत्यु दर में कमी आ रही है, जिसका श्रेय राज्य सरकार की नीतियों, चिकित्सकों, मेडिकल स्टाफ को जाता है। समीक्षा बैठकों और कार्यशालाओं से स्वास्थ्य अमला जो सीखे, उसे फील्ड में जाकर क्रियान्वित कराये। फील्ड में रहने वाली आशा कार्यकर्ता को ट्रेनिंग अवश्य देना चाहिए, क्योंकि वे क्षेत्र और लोगों के सतत् संपर्क में रहती है। डॉ. ज्योति चौहान ने बैठक के आयोजन पर प्रकाश डाला। संभाग के सागर, पन्ना, दमोह, टीकमगढ़, छतरपुर, निवाड़ी जिलों के कुछ प्रकरणों में केस स्टडी का प्रस्तुतिकरण हुआ। बैठक में जिलों के सीएमएचओ, प्रसूति रोग विशेषज्ञ और केस स्टडी से जुड़ी आशा कार्यकर्ता भी उपस्थित थी।

## नि:शुल्क शतरंज प्रशिक्षण आज

**सागर, देशबन्धु।** रोटरी क्लब ऑफ सागर के रोटरी कम्युनिटी कॉर्प आरसीसी के द्वारा रोटरी कम्युनिटी कॉर्प आरसीसी शतरंज प्रशिक्षण आज रविवार सुबह 9 बजे कांची रेस्टोरेंट सिविल लाइन में किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण हर रविवार को सुबह 9 से 11 नि:शुल्क शतरंज खेल खेला जायेगा और प्रशिक्षण मोह. अश्फाक सिद्धिकी एचओडी मैनेजमेन्ट डिपार्टमेंट, इन्फिनिटी कॉलेज के मुख्य अतिथिय, आरसीसी बहेरिया के अध्यक्ष फिडे ऑर्बिटर अंकुर सिंह ठाकुर एवं उनकी टीम के द्वारा दिया जायेगा।

## अखाड़ों को जीवित रखने के लिए जीवन भर समर्पित रहूंगा: शैलेंद्र जैन



**सागर, देशबन्धु।** प्रजापति समाज द्वारा लाला हरदौल अखाड़े में जिम सामग्री प्रदान करने पर उनका पूजन कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र जैन उपस्थित रहे। जिन्होंने अखाड़े को जिम सामग्री प्रदान की अखाड़े में पहुंचकर विधायक एवं पहलवानों ने लाला हरदौल का पूजन कर जिम सामग्रियों का पूजन किया और उन पर अभ्यास किया। इस अवसर पर प्रजापति समाज के लोगों और अखाड़े के पहलवानों ने विधायक जैन का स्वागत किया, कार्यक्रम को विधायक शैलेंद्र जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि नगर के सभी अखाड़ों और व्यायाम शालाओं का जीर्णोद्धार और उनको जीवित रखना हमारा परम दायित्व है यह मेरी अत्यंत रुचि का विषय है इसलिए मैं प्रयास किया है कि चाहे विधायक निधि हो स्वयं की निधि हो या किसी अन्य मद से हो हम हमारे इन अखाड़ों का जीर्णोद्धार कर उन्हें नवीन सामग्री देकर पहलवानों की रुचि को जागृत रख सकें वह अपनी मूल संरचना को ना भूले इसलिए अभी हमने प्रयास किया है कि हम मकान में जिम सामग्री के साथ-साथ प्राचीन लेजम तलवार भाला पटा आदि भी प्रदान कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रजापति समाज ने अपना एक मांग पत्र भी विधायक जैन को सोपा और कहा कि आपने सदैव प्रजापति समाज की संरक्षक के रूप में हमारी मांगों पर विचार कर उन्हें पूर्ण कराया है यह आगे भी जारी रहे इसके लिए हम आपसे अनुरोध करते हैं जिस पर विधायक जैन ने कहा कि प्रजापति समाज मेरा परिवार है और आपके सुख दुख में सदैव खड़ा रहा हूं और खड़ा रहूंगा। कार्यक्रम में धर्मेंद्र खटीक, विशाल खटीक, डॉ. दशरथ मालवीय, प्रणव, कान्हा, जुगल प्रजापति, संजय प्रजापति सहित बड़ी संख्या में समाज जन एवं पहलवान उपस्थित थे।

## जागरूकता, तटस्थता एवं नैतिकता पत्रकारिता के मूल्य आधार होने चाहिए: भावना गुप्ता



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं संचार विभाग, जनसंपर्क कार्यालय एवं शिक्षण अधिगम केंद्र द्वारा संयुक्त रूप में आयोजित मीडिया संवाद कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भावना गुप्ता उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का विषय इक्कीसवीं सदी के मीडिया में उभरते संदर्भ एवं व्याख्याएं पर केंद्रित था। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. विवेक जायसवाल ने स्वागत वक्तव्य दिया जिसके साथ उन्होंने मीडिया संवाद के उद्देश्यों को बताया। मीडिया संवाद का मुख्य उद्देश्य विमर्श द्वारा विद्यार्थियों में पत्रकारिता एवं इसका तकनीकी अनुभव तथा आने वाले समय में संभावनाएं एवं चुनौतियां के लिए उन्हें जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि सिटीजन जर्नलिस्ट आज व्यहवार में है और सभी के पास सोशल मीडिया के साथ समाज को संबोधित करने का सामर्थ्य है। इस संवाद के बाद विद्यार्थी पत्रकारिता के विविध आयामों से परिचित होंगे और उन्हें अपने कार्यक्षेत्र का व्यहवारिक ज्ञान मिलेगा। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता भावना गुप्ता ने बताया कि एक पत्रकारिता के विद्यार्थी का प्रथम लक्ष्य जागुरक होना है। आसपास हो रही गतिविधियों से अवगत रहना एक पत्रकार का गुण है, एक जागरूक पत्रकार ही अपने काम द्वारा दूसरो को जागरूक कर सकता है। मीडिया डिस्कोर्स टू वे कम्युनिकेशन पर चलता है जो सोशल मीडिया के प्रचलन से अब और बढ़ा है। सोशल मीडिया में युवाओं को केंद्रित रखकर खबरे बनाई जा रही है। जिसमे कम समय में पर्याप्त सूचना देना उद्देश्य होता है। इसके माध्यम से नकारात्मक और सकारात्मक दोनों तरह की सामग्री हम ग्रहण करते है। एक पत्रकारिता के विद्यार्थी को इन सामग्री एवं खबरों के निर्माण में हमेशा तटस्थ रहना चाहिए और सूचना को उसके वास्तविक स्वरूप में प्रेषित करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियो के सवालों के माध्यम से न्यूजरूम, पत्रकार, खबरों के निर्माण की कार्यशैली को समझाया। उन्होंने प्रिंट मीडिया के भविष्य एवं वर्तमान पर चर्चा की और विद्यार्थियों से संपादक के नाम पत्र लिखने का भी आग्रह किया जिससे प्रिंट मीडिया में भी टू वे कम्युनिकेशन बना रहे। उन्होंने बताया की बिना तथ्यों की पुष्टी किए बिना कोई भी खबर नही छापी जाती यह प्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता को बनाए रखता है। किसी भी मीडिया संस्थान में कार्य करने के लिए विद्यार्थियों में जरूरी कौशल के साथ उन्होंने पत्रकारिता के मूल्यों पर भी चर्चा की एवं कहा कि एक पत्रकार को पारदर्शी रह कर अपना कार्य करना चाहिए। संस्थान में जुड़ने के बाद उनकी नीतियों के अंतर्गत काम करना पड़ता है पर हम अपने मूल्यों एवं नैतिकता के साथ अपनी एक अलग छवि बना सकते है। इसके साथ ही उन्होंने मीडिया संस्थानों के एजेंडे, राजनीति, विज्ञापन एवं व्यवसायीकरण आदि विषयों पर भी विद्यार्थियों से विचार साझा किए। प्राध्यापक डॉ. अलीम अहमद खान ने मीडिया संवाद का सारांश प्रस्तुत किया। उन्होंने पत्रकारिता के सिद्धांतो और उनको नियंत्रित करने वाली संस्थाओं के बारे में बात की जो पत्रकारिता में क्रमश: हो रहे नैतिक पतन को सुधार सकती हैं। भारतीय पत्रकार एवं पत्रकारिता की स्थिति पर उन्होंने अपने विचार रखे और इसमें हो रहे बदलाव एवं उसके कारणों पर विवेचना की, उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी नैतिकता बनाए रखने और जागरूक रहने का अनुरोध किया। कार्यक्रम के अंत में आभार ज्ञापन डॉ. आशुतोष मिश्र ने प्रस्तुत किया एवं कार्यक्रम का संचालन शोध छात्रा सलोनी शर्मा द्वारा किया गया।

## ऊर्जा कर्मचारी समिति की बैठक संपन्न

**सागर, देशबन्धु।** ऊर्जा कर्मचारी साख अल्प बचत समिति मर्यादित सागर की बैठक मकरोनिया में संपन्न हुई। समिति के आधार स्तंभ एवं संरक्षक महाराज सिंह राजपूत ने वर्ष 2022-23 का लेख प्रस्तुत किया बैठक में उपस्थित सदस्यों ने समिति की आगामी कार्यप्रणाली अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए सुझाव दिए। अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष आरएस खरे ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए सुझावों को आगामी बैठक में रखने की सहमति देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। मूलचंद सोनी ने बांसुरी वादन कमल अग्रवाल ने गायन एवं अरविंद जैन ने संचालन करते हुए अपनी मनोरंजन प्रस्तुति दी।

## फ्लैश-माब का आयोजन आज अटल पार्क में होगा

**सागर, देशबन्धु।** नगर निगम द्वारा 15 सितंबर से 2 अक्टूबर के मध्य स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत नगर निगम द्वारा नगर को कचरा मुक्त शहर बनाने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है आज प्रात: 9 बजे से अटल पार्क में इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के अंतर्गत फ्लैश-माब का आयोजन किया जा रहा है। निगमायुक्त ने नगर निगम के सभी अधिकारियों कर्मचारियों निर्धारित समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए।

## मिट्टी एवं गोबर से निर्मित भगवान श्री गणेश जी की मूर्ति का वितरण कल

**सागर, देशबन्धु।** विगत वर्षों की भातिं इस बर्ष भी भगवान श्री गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर दि ग्रेट आफतीन बत्ती ग्रुप के संचालक राम अवतार पांडे के द्वारा स्थान तीन बत्ती गौर मूर्ति पर दि ग्रेट आफतीन बत्ती ग्ररुप के सभी सदस्यों के द्वारा सोमवार को दोपहर 12 बजे से मिट्टी एवं गोबर से निर्मित भगवान श्री गणेश जी की मूर्तियों का नि:शुल्क वितरण किया जा रहा है।

## भाजपा का मतलब है विकास की गारंटी: आशीष अग्रवाल



**सागर, देशबन्धु।** प्रदेश के विभिन्न अंचलों में भाजपा की जो जन आशीर्वाद यात्राएं निकल रही हैं, उनमें भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार को दोगुना आशीर्वाद मिल रहा है। इसकी वजह यह है कि भाजपा को आशीर्वाद देने ऐसे लोग भी आ रहे हैं, जिनके लिए पक्के घर की गांरटी को भाजपा की सरकार ने पूरा किया है। जिनके घरों में शौचालय बनवाने की गारंटी पूरी हुई है। जिनके मुफ्त इलाज और बैंक में खाता खुलवाने की गारंटी पूरी हुई है। ऐसी माताएं-बहनें भी बड़ी संख्या में आ रही हैं, जिन्हें गैस सिलेंडर मिला है और धुआं मुक्त रसोई की गारंटी पूरी हुई है। जिन्हें अब पानी लेने मीलों दूर नहीं जाना पड़ता, जिनके घर नल से जल पहुंचाने की गारंटी पूरी हुई है। यात्राओं पर अपने आशीर्वाद की वर्षा करने वाले ये लोग जानते हैं कि भाजपा का मतलब विकास की गारंटी है। यह बात भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने सागर में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कही। आशीष अग्रवाल ने कहा कि अंत्योदय भाजपा के राजनैतिक दर्शन का मूल मंत्र है। इसलिए प्रमुख फैसले लेते समय हमेशा वंचित, गरीब, मजदूर और किसान हमारी आंखों के सामने रहते हैं और मप्र में भी भाजपा की शिवराज सरकार ने इसी वर्ग को अपनी योजनाओं के केंद्र में रखा है। मप्र में बुंदेलखंड की प्रगति का विशेष स्थान है। आज सागर और बुंदलेखंड देश के नक्शे पर अपनी बुलंद पहचान बना चुका है। बुंदेलखंड और विशेष तौर पर सागर का चहुंमुखी विकास हुआ है। अब वही बुंदेलखंड प्रगति के साथ कदमताल कर रहा है।

सिंचाई का महत्व बुदेलखंड से बेहतर कौन जानता है। कभी प्यासे कहे जाने वाले बुंदेलखंड में भाजपा की डबल इंजन सरकार ने अनेक सिंचाई परियोजनाओं का काम किया, केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुंदेलखंड सहित इस क्षेत्र के लाखों किसानों को बहुत लाभ होने वाला है। प्रधानमंत्री ने बीना में पेट्रोकेमिकल प्लांट की आधारशिला रखी है। 49 हजार करोड़ की यह परियोजना सागर ही नहीं पूरे बुंदेलखंड की तकदीर संवारने वाली पहल है। आशीष अग्रवाल ने कहा कि बीते 20 सालों में भाजपा की सरकार ने मप्र को विकसित राज्यों की कतार में खड़ा कर दिया है। जिलाध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने यात्रा के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि 18 सितंबर को देवरी विधानसभा के महराजपुर से जन आशीर्वाद यात्रा जिले में प्रवेश करेगी तत्पश्चात देवरी, सहजपुर, केसली, गौरझामर, सुरखी, बिलेहरा, चितौरा, मकरोनिया होते हुए सागर पहुंचेगी जहां रात्रि विश्राम होगा 19 सितंबर को यात्रा नरयावली, जरुआखेड़ा, खुरई, बीना, खिमलासा, माल्थौन, बांदरी होते हुए बंडा पहुंचेगी जहां रात्रि विश्राम होगा। 20 सितंबर को जन आशीर्वाद यात्रा बंडा से प्रारंभ होकर शाहपुर, गढ़ाकोटा पहुंचेगी जन आशीर्वाद यात्रा जिले में 3 दिन रहेगी। इस दौरान लगभग 12 रथ सभाएं और 5 मंचीय सभाएं आयोजित की होंगी। पत्रकार वार्ता का संचालन सह मीडिया प्रभारी आलोक केशरवानी एवं आभार जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने व्यक्त किया। पत्रकार वार्ता में यात्रा के प्रभारी सुखदेव मिश्रा, निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, जिला महामंत्री श्याम तिवारी, जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया एवं स्वयंसेवी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक प्रासुख जैन उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### सड़क के लिए रोड़ पर लगाया जाम



**बिजावर, देशबन्धु।** चुनावी वर्ष में ग्रामीण अपनी मांगों को मनवाने के लिए सड़क पर उतर रहे हैं और आक्रोश जताकर प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसा ही मामला बिजावर जनपद क्षेत्र के धर्मपुरा गांव के वैदपुरा के ग्रामीणों में दिखा। उन्होंने मुख्य मार्ग से वैदपुरा गांव तक सड़क न होने से अपनी परेशानी बताई। बिजावर से जटाशंकर मार्ग पर खेराकला तिराहा के पास जाम लगाया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की इससे करीब 2 घंटे तक आवागमन प्रभावित रहा। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क न होने से शिक्षा, स्वास्थ्य और शासन की अन्य योजनाएं प्रभावित हो रही हैं, ग्रामीणों ने पूर्व में कई बार मांग की लेकिन गांव तक सड़क न बनने से बारिश के मौसम में बेहद कीचड़ और गंदगी में से गुजर कर गांव पहुंचना पड़ता है। वहीं वाहन गांव तक पहुंच ही नहीं पाते। प्रदर्शन की खबर लगते ही क्षेत्रीय विधायक राजेश शुक्ला मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश दी साथ ही बताया कि मुख्यमंत्री सुदूर सड़क योजना से सड़क स्वीकृत हो चुका है जल्द ही ग्रामीणों की समस्या हल हो जाएगी।

### युवक का शव 3 दिन बाद मिला



**बड़ामलहरा, देशबन्धु।** धसान नदी में मछली पकड़ने गए युवक का शव 3 दिन बाद मिला। बताया जाता है कि, तेज बहाव होने से युवक 20 किमी दूर तक बह गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया है। लक्ष्मन पिता कल्लू अहिरवार (32) निवासी ग्राम खरदूती थाना भगवां का शव घटना के तीन रोज बाद 20 किमी दूर नदी के पानी में मिला। मृतक के पिता ने बताया कि, उसके बेटा लक्ष्मन बुधवार की शाम मछली पकड़ने के लिए धसान नदी गया था। नदी में पानी का तेज बहाव होने से मृतक स्टापडेम से फिसलकर नदी में गिर गया। घटना की सूचना पर एसडीओपी वीरेंद्र बहादुरसिंह व नायब तहसीलदार, भगवा थाना प्रभारी आरएस उपाध्याय, एसआई अरुण पुरोहित तथा भारी पुलिस बल व एसआरडीएफ़ के उप निरीक्षक संजय गौंड़ की टीम द्वारा 2 दिन गुरुवार और शुक्रवार को लगातार रेस्क्यू अभियान चलाया। 2 दिन के रेस्क्यू में युवक का कोई सुराग नही लगा। शनिवार की देर रात युवक का शव घटना स्थल से 20 किमी दूर श्यामर घाट व कठा घाट के बीच नदी में लगे नागरमोथा के पौधे से फंसा हुआ मिला। शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ामलहरा में मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया।

### दो फर्जी मोहर और नगद पैसे मिले

# नौकरी के प्रलोभन देने वाला ठग पकड़ाया



**छतरपुर, देशबन्धु।** नौकरी का प्रलोभन देकर एक युवती के साथ ठगी करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि आरोपी के विरुद्ध पीड़ित महिला ने 15 सितंबर को कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि आरोपी ने उसे नौकरी दिलाने का लालच देकर 6500 रुपए की ठकी की है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर धारा 420 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को सटई रोड पर स्थित उसके निवास से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की तो उसने जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी के पास से पुलिस को पीड़ित महिला के दस्तावेजों के अलावा स्वास्थ अधिकारी की दो फर्जी मोहर और नगद पैसे मिले हैं।

**भोली-भाली महिलाओं को आरोपी बनाता था ठगी का शिकार :** आरोपी ने बताया कि वह सोशल मीडिया प्लेटफार्म से ग्रामीण एवं सदूर अंचल के सीधे-साधे लोगो के फोन नंबर निकालकर कलेक्ट्रेट एवं जिला अस्पताल छतरपुर के नजदीक बुलाकर नौकरी दिलाये जाने के नाम पर आवेदन भरवाता था और पैसे लेता था। कई लोगों से उसने ऑनलाईन पैसे भी लिए, जिसकी जानकारी पुलिस जुटा रही है। आरोपी ने बताया कि वह ज्यादातर नौकरी की तलाश में भटकने वाली ग्रामीण अंचल की महिलाओं एवं छात्राओं को टारगेट करता था और आंगनवाड़ी, जिला अस्पताल में स्वास्थ कार्यकर्ता आदि पदों पर भर्ती कराने का लालच देकर पैसे लेता था। आरोपी अब तक डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों के साथ इसी तरह से ठगी कर चुका है। आरोपी पूर्व में न्यायालय परिसर के पास टाईपिंग का काम करता था जहां बेरोजगार महिलायें एवं छात्रायें आती थीं, जिससे उसके मन में ठगी करने का ख्याल आया और उसने अपने सुझाव पर अमल कर ठगी करना शुरू कर दिया।

## चुनाव प्रबंधन के सिखाये तौर तरीके



**छतरपुर, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर कांग्रेस सेवा दल यंग बिग्रेड द्वारा जिला, विधानसभा और बूथ स्तर पर चुनाव प्रबंधन को लेकर कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को कांग्रेस सेवा दल यंग बिग्रेड के प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी छतरपुर पहुंचे। प्रदेशाध्यक्ष के आगमन पर कांग्रेस सेवा दल यंग बिग्रेड के जिलाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में स्थानीय कार्यकर्ताओं ने पन्ना रोड से जिला कांग्रेस कार्यालय तक बाईक रैली निकालकर उनका स्वागत किया।

मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस सेवा दल यंग बिग्रेड के प्रदेशाध्यक्ष गजानंद तिवारी ने बताया कि पूरे भारत में कांग्रेस सेवा दल यंग बिग्रेड के पदाधिकारी भाजपा की भ्रष्ट नीतियों से जनता को अवगत करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के झूठे प्रचारकों के सामने कांग्रेस अपने विचारक उतारकर भाजपा का पर्दाफाश कर रही है। श्री तिवारी ने बताया कि आज छतरपुर में चुनाव प्रबंधन को लेकर कार्यशाल हुई और इसके बाद भाजपा की दमनकारी नीतियों तथा प्रशासनिक महकमे की मदद से निकाली जा रही जनआशीर्वाद यात्रा के विरोध में कार्यकर्ता सडक़ पर उतरे हैं। श्री तिवारी ने दावा किया है कि छतरपुर की सभी सीटों पर कांग्रेस की विजय होने जा रही है और मध्यप्रदेश में 150 से अधिक सीटों पर कांग्रेस जीतकर प्रदेश में अपनी सरकार बनाएगी।

### एसपी ने ली महकमे की क्लास

# महिला अपराधों पर रोकने का फरमान



**छतरपुर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने शनिवार को जिला मुख्यालय के पुलिस कंट्रोल रूम में अपराधों और पुलिस कार्यवाहियों की समीक्षा करने तथा आने वाले कार्यकमों की रणनीति तैयार करने के उद्देश्य से क्राइम मीटिंग का आयोजन किया। मीटिंग में जिले के समस्त एसडीओपी और थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित सांघी और एएसपी विक्रम सिंह ने अपराधों की समीक्षा करने के उपरांत पुलिस महकमे को महिला अपराधों पर रोक लगाने और महिला संबंधी मामलों का त्वरित निराकरण करने के विशेष निर्देश दिए। इसके अलावा ऑपरेशन मुस्कान की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गुंडा-बदमाशों की सूची तैयार कर उनके विरुद्ध बाउण्ड ओवर, एनएसए और जिला बदर की कार्यवाही प्रस्तावित करने के लिए कहा है। आने वाले दिनों में जिले में प्रवेश कर रही जन आशीर्वाद यात्रा के रूट की व्यवस्थाओं और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक में विचार विमर्श हुआ। बैठक में जी-20 बैठक के दौरान चाक-चौबंद व्यवस्थाएं करने और आने वाले त्यौहारों को लेकर थाना एवं चौकियों में शांति समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए।

### बिचौलियों लगा रहे योजनाओ को ठिकाने

# शासन की योजनाओ से अन्नदाता अनभिज्ञ



**बकस्वाहा, देशबन्धु।** प्रदेश सरकार किसानों की माली हालत सुधारने के उद्देश्य से कई योजनाएं संचालित कर रही है लेकिन कुछ स्थानों पर इन योजनाओं का लाभ किसानों को नहीं पा रहा है। ताजा मामला बकस्वाहा से सामने आया है। उद्यानिकी विभाग की योजनाओं का लाभ किसानों की जगह बिचौलियों को मिल रहा है। दरअसल यहां विभाग की लापरवाही के कारण योजनाओं की जानकारी किसानों को नहीं मिलता जिस कारण से किसानों को बिचौलियों का सहारा लेना पड़ता है

गौरतलब है कि बकस्वाहा में विभाग का कार्यालय नहीं है और बिचौलियों के घर से ही किसानों को सामग्री प्रदान की जा रही है। यही कारण है कि छोटे किसानों को विभाग की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा। कुछ वर्ष पूर्व बकस्वाहा में उद्यानिकी विभाग ने अच्छा प्रयास किया था। विभाग ने कई किसानों को सब्जी के काम में उतारा था जिससे उनकी माली हालत बदल गई थी लेकिन जब ब्लॉक के अधिकारी बदले तो बिचौलियों का खेल शुरू हो गया और अब किसानों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत खेती करने वाले किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान मिलता है लेकिन बिचौलियों के कारण यह लाभ किसानों तक न नहीं पहुंच पा रहा है। योजनाओं का प्रचार-प्रसार न होने के कारण किसान योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं।

### इनका कहना है

बकस्वाहा में उद्यानिकी विभाग का कार्यालय नही खुला है, इसकी जांच कराई जाएगी और किसानों को सभी योजनाओं का लाभ दिलाने के प्रयास किए जाएंगे।

**भरत पांडे,** तहसीलदार, बकस्वाहा

# 4 माह से किसानों का मुआवजा अटका



**◆ एसडीएम के डिजिटल सिग्नेचर स्वीकृत होने इंतज़ार**

**हरपालपुर, देशबन्धु।** नगर के बहु प्रतीक्षित बाईपास का निर्माण स्वीकृत होने के एक साल बाद भी शुरू नहीं हो सका है। नगर के मध्य गुजरने वाले झाँसी मिर्जापुर हाइवे जिस पर दिन भर नगर में जाम लगता रहता है। रेल्वे क्रॉसिंग पर फाटक बंद होने से जाम घंटो लगा रहता हैं।

इस समस्या से निजात दिलाने के लिए केंद्रीय मंत्री सांसद वीरेंद्र खटीक पूर्व मंत्री विधायक मानवेन्द्र सिंह एवं वर्तमान विधायक नीरज दीक्षित के प्रयास के चलते ये स्वीकृत हो सका था। बायपास का भूमिपूजन इसी वर्ष 23 जनवरी को मुख्यमंत्री केंद्रीय परिवहन सड़क मंत्री नितिन गड़करी ने ओरछा में किया था। जिसके बाद इस काम मे तेज़ी आई बायपास निर्माण के लिये बजट सहित किसानों की भूमि अधिग्रहण के लिये मुआवज़ा राशि का आवंटन किया गया था।

**राजस्व अफसरों की लापरवाही से हो रही देरी :** बाईपास 6 गांवों से होकर गुजरना है। बायपास निर्माण व 6 गांवों के किसानों को मुआवजा देने के लिए सरकार ने 114 करोड़ रुपये उपलब्ध करा दिये थे। लेकिन अफसरों की लापरवाही से बजट उपलब्ध होने के बाद भी 12 करोड़ 73 लाख रुपये मुआवज़े के किसानों में नहीं वितरित नहीं हो सके अभी सिर्फ एक करोड़ 34 लाख मुआवज़ा राशि का किसानों वितरण हो सका हैं। मुआवजा राशि मे वितरण में देरी की वजह नौगॉव एसडीएम का तबादला हो गया। नौगॉव एसडीएम का प्रभार छतरपुर एसडीएम के पास होने के चलते बायपास मुआवज़ा वितरण में तेजी नहीं आ सकी हैं और जिला कलेक्टर ने भी इस बायपास निर्माण में हो रही देरी की ओर ध्यान नहीं दिया। जिसके चलते जिस बायपास निर्माण का कार्य मार्च माह में शुरू होना प्रस्तावित था चार माह निकलने के बाद भी किसानों को मुआवजा बायपास निर्माण दोनों रुका हैं।

आगामी समय मे विधानसभा चुनाव हैं जिसके चलते प्रशासनिक अधिकारी चुनावी तैयारी में जुटे हैं किसानों को मुआवजा वितरित करके जमीन नेशनल हाईवे को सुपुर्द करने में और देरी हो सकती है।

अब देखना यह है कि चुनाव की अचारसहिंता लगने से पहले तक सभी किसानों में मुआवजे का वितरण हो पाता है या नहीं।

**9 किलोमीटर लंबा बनेगा बाइपास :** बाईपास के निर्माण का जिम्मा डीएस अग्रवाल कम्पनी को मिला हैं।

एनएच अभियंता वीरेंद्र पटैरिया ने बताया कि करीब 9 किमी लंबे बाईपास का निर्माण कार्य किसानों में मुआवजा बंटने के Bda 4 शुरू हो जाएगा। इस बाईपास पर एक रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनेगा।

मुआवजा वितरण देरी का कारण तकनीकी वजह हैं नौगॉव एसडीएम के डिजिटल सिग्नेचर दिल्ली परिवहन मंत्रालय से स्वीकृत होने गय हैं जैसे ही स्वीकृत होकर आते किसानों को मुआवज़ा राशि का वितरण शुरू हो जायेगा।

# भाजपा संभागीय प्रभारी ने चुनाव संचालन समिति की बैठक ली



**बड़ामलहरा, देशबन्धु।** संभागीय प्रभारी करनाल हरियाणा के सांसद संजय भाटिया ने स्थानीय मौली रेस्ट हाउस में भाजपा की विधानसभा स्तरीय चुनाव संचालन समिति की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि, आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाएं ब्रह्मास्त्र का काम करेंगी। विरोधी दल इनके सामने टिक नहीं पायेंगे तथा भाजपा देश एवं प्रदेश में पूर्ण बहुमत हासिल कर सरकार बनायेगी। बैठक में उन्होंने चुनाव संचालन समिति को चुनाव प्रबंधन के गुर भी बताये तथा समिति सदस्यों के सुझाव भी लिये। बैठक में क्षेत्रीय विधायक प्रधुम्न सिंह लोधी, भाजपा जिलाध्यक्ष मलखान सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष राघव राजा, मंडल अध्यक्ष गिरजा प्रसाद पटैरिया, सांसद प्रतिनिधि सुनील मिश्रा, घुवारा मंडल अध्यक्ष पहलवान सिंह, बकस्वाहा मंडल अध्यक्ष नीलू सोनी, भगवां मंडल अध्यक्ष रवि राजा, मानिक शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष निशा राजा, टीकाराम लोधी, गुड्डी जाहर सिंह नगर परिषद अध्यक्ष घुवारा, बकस्वाहा नगर परिषद अध्यक्ष , दिलीप अहिरवार मौजूद रहे। सांसद भाटिया ने इसके पूर्व भाजपा महामंत्री सुनील अवस्थी के निवास पर नगर के बूथ स्तरीय शक्ति केंद्रों के संयोजकों बूथ अध्यक्षों की बैठक भी ली। बैठक में नीरज पौराणिक, नितिन चौधरी, स्वामी सेन, दिनेश असाटी, गंगा अहिरवार, दीपक शुक्ला, दद्दे मैलवार, छोटू राजा, महेंद्र कुडेरिया, सुरेंद्र मिश्रा, जागेश्वर शुक्ला, सहित नगर के सभी बूथ प्रभारी एवं संयोजक उपस्थित रहे।

### दबंग के भय से सरपंच ने गांव



**छतरपुर, देशबन्धु।** लवकुशनगर जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बिगपुरा की जनता ने पंचायत चुनाव में गांव के एक दलित महिला को सरपंच चुना था लेकिन गांव के दबंगों की प्रताडऩा के चलते सरपंच ने परिवार सहित गांव छोड़ दिया है। बताया गया है कि सरपंच करीब एक माह से अपने परिवार सहित दिल्ली में निवास कर रही है। मामला तब सामने आया जब पंचायत के सचिव ने जनपद पंचायत में एक माह से सरपंच भुमानीबाई प्रजापति के एक महीने से लापता होने की लिखित सूचना दी। अधिकारियों ने महिला सरपंच के पति से फोन पर बात की तो उसने बताया कि वह और उसका परिवार दिल्ली में रहकर मजदूरी कर रहा है। उसने बताया कि गांव का दबंग उपसरपंच प्रकाश यादव उसे तथा उसके परिवार को लगातार प्रताड़ित कर रहा था जिसके चलते उन्हें गांव छोडक़र दिल्ली जाना पड़ा।

## एड्स जागरूकता के लिए हुई मैराथिन दौड़



**छतरपुर, देशबन्धु।** युवाओं के बीच एच.आई.वी./एड्स के प्रति व्यापक जन जागरूकता हेतु छतरपुर में 16 सितम्बर 2023 शनिवार को प्रातः6 बजे से सात कि.मी. की मैराथन दौड़ का आयोजन महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, छतरपुर की कुलपति प्रो शुभा तिवारी के संरक्षण व प्रभारी कुलसचिव विजय कुमार तिर्की के निर्देशन में एन.एस.एस. प्रकोष्ठ द्वारा किया गया।

मैराथन दौड़ का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर संदीप जीआर ने हरी झंडी दिखाकर किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के विश्वविद्यालय समन्वयक प्रो. बहादुर सिंह परमार ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नाको के सहयोग से विश्वविद्यालय द्वारा एड्स जागरूकता हेतु मैराथन दौड़ का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया।

इस दौड़ में 17 से 25 वर्ष की आयु के 60 नियमित छात्रो ने भाग लिया।दौड़ में प्रथम रवि अहिरवार, द्वितीय शोभा अहिरवार, तृतीय रवि कुशवाहा, राहुल अहिरवार, कैलाश कुशवाहा, रुद्र प्रताप सिंह, सचिन यादव, ब्रजेश अहिरवार, नेहा मराबी, मालती पटेल आदि प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय के लिए हुआ। इस मौके पर विश्वविद्यालय कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती भारती सिंह ने बताया कि दौड़ में प्रथम आने वाले को सात हजार, द्वितीय को पांच हजार एवं तृतीय स्थान पाने वाले को तीन हजार रुपए के पुरस्कारों के अतिरिक्त सात अन्य प्रतिभागियों को एक-एक हजार रुपए का नगद पुरस्कार भी दिया गया।

# आशीर्वाद यात्रा के उद्देश्य और आगमन की तैयारियों पर प्रकाश डाला



*__छतरपुर, देशबन्धु।__ चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश में निकाली जा रही जन आशीर्वाद यात्रा 18 सितंबर को छतरपुर पहुंचने वाली है। शनिवार को भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रहलाद कुशवाहा ने जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकारवार्ता कर जन आशीर्वाद यात्रा के उद्देश्य और आगमन की तैयारियों पर प्रकाश डाला। पत्रकारवार्ता में उनके साथ भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं छतरपुर विधानसभा से भाजपा की प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव, महाराजपुर विधानसभा के प्रत्याशी कामाख्या प्रताप सिंह के अलावा भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी अरविंद बुंदेला, सह मीडिया प्रभारी अरविंद रावत, वरिष्ठ भाजपा नेता जयराम चतुर्वेदी मौजूद रहे।*

*पत्रकारवार्ता में प्रदेश प्रवक्ता प्रहलाद कुशवाहा ने बताया कि विंध्य और बुंदेलखंड इलाके में निकाली जा रही जन आशीर्वाद 3 सितंबर को शुरू हुई थी और इसका समापन 22 सितंबर को ओरछा के रामरामा मंदिर में होगा। 18 सितंबर को यात्रा चंदला विधानसभा में केन नदी के किनारे से शुरू होगी और यहां से विभिन्न गांव और कस्बों का भ्रमण करते हुए राजनगर विधानसभा के लवकुशनगर पहुंचेगी जहां पहले दिन का रात्रि विश्राम होगा। 19 सितंबर को लवकुशननगर से यात्रा महाराजपुर विधानसभा में प्रवेश करेगी और भ्रमण करते हुए छतरपुर विधानसभा से बिजावर विधानसभा पहुंचेगी जहां दूसरे दिन का रात्रि विश्राम होगा। 20 सितंबर को बिजावर से बड़ामलहरा विधानसभा में यात्रा का प्रवेश होगा और यहां धसान नदी को पार कर यात्रा टीकमगढ़ जिले में प्रवेश करेगी। उन्होंने बताया कि यात्रा का उद्देश्य समस्त विधानसभावासियों को भाजपा की उपलब्धियों और अपने विजन से रूबरू कराना है।*

***भाजपा के पदाधिकारी नहीं कर सकते फैसले का विरोध :*** *पत्रकारवार्ता के दौरान प्रदेश प्रवक्ता प्रहलाद कुशवाहा से जब छतरपुर और महाराजपुर विधानसभा में घोषित किए गए प्रत्याशियों के विरोध को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि भाजपा का कोई भी पदाधिकारी, नेता या कार्यकर्ता पार्टी के फैसले का विरोध नहीं कर सकता है, यदि किसी को आपत्ति होती भी है तो वह पूर्ण अनुशासन के साथ वरिष्ठ पदाधिकारियों के सामने अपनी बात रखता है।*

*टिकिट बदले जाने के सवाल पर श्री कुशवाहा ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने सर्वे के आधार पर सबसे अच्छे प्रत्याशी का नाम घोषित किया है, इसलिए नाम बदलने की संभावना नहीं है।*

# साहित्य

■ धर्मवीर भारती

# हिन्दू या मुसलमान


कहानी

सरकारी अस्पताल के बरामदे में 30 लाशें एक कतार में रक्खी हुई थीं। लाशें, नहीं उन्हें लाशें कहना गलत होगा, मगर उन्हें जिन्दा भी नहीं कहा जा सकता था। वे सूखी हड्डियों के मुरदार ढाँचे जिन पर जर्द, झुर्रीदार चमड़ा मढ़ा हुआ था । कलकत्ते की विभिन्न सड़कों से मुरदे उठाकर लाये गये थे इलाज के लिये । उन्हें भूख की बीमारी हो गयी थी और इसीलिये वे चलते-चलते सड़क पर गिर पड़ते थे और धीरे-धीरे दम तोड़ देते थे । हिन्दोस्तान जैसे खराब आबोहवा के देश में जहाँ आये दिन एक बीमारी चल पड़ती है, यह भी एक नयी बीमारी चल निकली थी। झुण्ड के झुण्ड लोग गाँवों से चल पड़ते और चलते-चलते बिना दायीं और बायीं पटरी का ख्याल किये गिर पड़ते और फिर उठने का नाम न लेते। शासकों ने समझा यह सत्याग्रह का कोई नया तरीका है मरने दो; मेडिकल विभाग ने समझा यह मलेरिया की कोई नयी किस्म है जो बंगाल के लिए साधारण बात है। लेकिन बीमारी बढ़ती गयी। जब सड़कों पर पड़ी हुई लाशों की वजह से, मारवाड़ियों की मोटरें, दफ्तर की बसें और फौज की लारियों के आने-जाने में रुकावट होने लगी तो हमारी मेहरबान सरकार को फिक्र हुई, और इसीलिए वे 30 भुखमरे, सरकारी अस्पताल में जाँच के लिए लाये गये और सावधानी से बरामदों में नरम और सीले हुए पक्के फर्शों पर लिटा दिये गये ।

डाक्टर परेशान थे, नर्सों परेशान थीं। यह भी क्या बीमारी है ? और एकदम से तीस नये मरीज ।

बरामदे में शान्ति थी । एक सुनसान कब्रगाह की तरह डरावनी खामोशी । मुरदे खामोश थे। एकाएक खटखट की आवाज हुई और एक नर्स बरामदे की सीढ़ियों पर चढ़ती हुई दीख पड़ी। चढ़ने में उसका मोजा नीचे खिसक गया और वह रुक कर उसे ठीक करने लगी। उसके जूतों की खटखट शायद किसी भुखमरे के बेहया दिल से जा टकराई। उसने करवट बदली। नर्स आगे बढ़ी और जब उसके पास से गुजरने लगी तो उसने बेबस निगाहें उठाकर नर्स की ओर देखा और बहुत प्रयत्न कर बोला- 'पानी।'

नर्स पल भर को ठिठकी ।

'उहँ, कहाँ तक कोई काम करे सुबह से पोशाक भी तो नहीं सम्हाल पायी हूँ।' वह आगे बढ़ गयी ।

मरीज की प्यासी पसलियों से फिर दर्दनाक कराह उठी- 'पानी ।'

'मरने दो !' नर्स ने कहा। और बगल के कमरे में एक शीशे के सामने खड़े होकर गले में बँधे रूमाल की गाँठ खोलने लगी ।

'पानी ', घुटती हुई आवाज़ बोली। वह अभागा मरीज भी अपनी जिन्दगी और मौत की गाँठ खोलने में व्यस्त था ।

नर्स परेशान थी । गाँठ खुल ही नहीं रही थी। वह आदमी चुप हो गया। नर्स ने अपनी पोशाक ठीक की और चली गयी।

मरीज की कराह बन्द न हुई । बगल की लाश में कुछ हरकत हुई और कम्बल उठाकर एक बुढ़िया ने सर बाहर निकाला। उसके बाद वह उठी और कंकालों की तरह लड़खड़ाते हुए एक टीन के डब्बे में पानी लायी और मरीज के मुँह से लगा दिया। पहला घूँट गले से उतरा मगर दूसरा घूँट हिचकी के कारण नीचे गिर गया। बुढ़िया ने क्षण भर मायूसी से मरीज की ओर देखा और उसके बाद चुपचाप कम्बल के नीचे लुढ़क गयी ।

इतने में नर्स डाक्टर को साथ लेकर लौटी और प्यासे मरीज की ओर इशारा किया। डाक्टर ने स्टेथेस्कोप लगाकर देखा। उस कम्बख्त की प्यास हमेशा के लिए बुझ गयी थी । डाक्टर ने स्टेथेस्कोप हटाया और अजीब आवाज में कहा - 'खतम।'...

फिर जेब से नोटबुक निकाली। घड़ी देखकर टाइम दर्ज किया और नर्स से पूछा - 'यह भुखमरा कहाँ से लाया गया था।'

'सप्लाई आफिस के सामने से ! नर्स ने जवाब दिया।

'हिन्दू था, या मुसलमान ।'

'मालूम नहीं।'

'मालूम नहीं ? अच्छा इसके बगलवाले मरीज से पूछो ?'

नर्स ने बगल वाले मरीज को उठाया। वह नहीं उठा।

डाक्टर ने जूते से कम्बल उलट दिया और डाँटकर कहा- 'उठो ?'

बुढ़िया काँपकर उठ बैठी ।

'यह आदमी कौन था ?' डाक्टर ने पूछा ।

बरामदे में शान्ति थी । एक सुनसान कब्रगाह की तरह डरावनी खामोशी । मुरदे खामोश थे। एकाएक खटखट की आवाज हुई और एक नर्स बरामदे की सीढ़ियों पर चढ़ती हुई दीख पड़ी। चढ़ने में उसका मोजा नीचे खिसक गया और वह रुक कर उसे ठीक करने लगी। उसके जूतों की खटखट शायद किसी भुखमरे के बेहया दिल से जा टकराई।

'हुजूर यह आदमी भूखा था ।'

'भूखा था ? यह कौन पूछता है-ठीक से जवाब दो।' डाक्टर ने डाँटा ।

'देखो ! यह सरकारी काम है ! नर्स ने आहिस्ते से समझाया- 'सरकार यह नहीं पूछती कि यह आदमी भूखा था या प्यासा । सरकार यह पूछती है कि यह आदमी हिन्दू था या मुसलमान ? बोलो अस्पताल के रजिस्टर में दर्ज करना है।'

'मालूम नहीं हुजूर !' बुढ़िया बोली ।

'उहँ जाने दो। अच्छा उधर वाले मरीज से पूछो ?'

उधर वाला मरीज बोला ही नहीं। नर्स ने डाँटकर पूछा तब भी उसने जवाब नहीं दिया, क्योंकि वह मर चुका था और मुरदों को मजहब की पहचान नहीं होती क्योंकि वे ईश्वर के समीप पहुँच जाते हैं।

डाक्टर एक और नया मुरदा देखकर चिन्तित हुआ। उसने स्टेथेस्कोप लेकर जाँच करनी शुरू की। लगभग इक्कीस भुखमरे मर चुके थे ।

डाक्टर ने अपने सहकारी को बुलाया और कहा ङ्क'देखो इन बचे हुए भुखमरों को एक-एक तेज इंजेक्शन देकर निकाल दो। वरना ये भी मर जायँगे ।'

'यदि यहाँ नहीं तो बाहर मर जायँगे ! सहकारी ने उत्तर दिया। 'बाहर मरने की परवाह नहीं । यहाँ मरेंगे तो सरकार की बदनामी होगी। और देखो - अखबार को रिपोर्ट दो कि कुल 7 की मौत हुई। बाकी यहाँ लाने के पहले ही मर चुके थे। समझे।' और थोड़ी देर बाद बाकी भुखमरे निकाल दिये गये ।

बुढ़िया बेहद कमजोर थी। वह पाँच कदम चली और बैठ गयी। पेट में जब भूख आँतों को मरोड़ने लगी तब वह फिर उठी और किसी तरह घसीटती हुई आगे बढ़ी।

बगल में एक साबुन की कम्पनी थी जिसके दरवाजे पर एक मोटा दरबान बैठा था । बुढ़िया उसके सामने गयी और हाथ फैला दिये। लेकिन कुछ बोल न पायी। गले में आत्मसम्मान आकर रुँध गया। दरबान ने देखा और एक क्रूर हँसी हँसकर बोला- 'चल ! चल ! आगे बढ़, अगर तू जवान होती तो इज्जत बेचने पर शायद 8-10 पैसे मिल भी जाते- अब किस बिरते पर भीख माँगने आयी है। ढ्ढ चल हट ?'

बुढ़िया की झुर्रीदार पलकों में दो बेहया आँसू झलक गये ।

वह चलने को मुड़ी कि दरबान बोला- 'तुझे खैरात चाहिए । यहाँ खैरात की कमी नहीं। हिन्दुस्तानी तो अपने बाप के मरने पर खैरात करते हैं, फिर जिन्दा लाशों के लिए क्यों न खैरात करेंगे। उधर जा, वहाँ सेठों ने ढाबा खोल रक्खा है।'

बुढ़िया उधर की ओर चली। भोजनालय के द्वार पर बेहद भीड़ थी । हड्डियों के अनगिनत कंकाल प्रेतों की भाँति सूखे हाथ फैलाकर बैठे थे। उबले हुए ज्वार की महक हवा में फैल रही थी। बुढ़िया ने एक गहरी साँस ली जैसे साँसों के सहारे पेट भरने की कोशिश कर रही हो ।

कार्यकर्ताओं ने जुआर की खिचड़ी से भरी हुई एक देग लाकर सामने रक्खी और करछुल से निकालकर जुआर बाँटने लगे। एक हंगामा-सा मच गया। बुढ़िया उठी और कुत्ते को भगाकर देग खिसकाने का व्यर्थ प्रयास करने लगी ।

इतने में एक कार्यकर्त्ता चीखा- 'देखो ! देखो उसने देग छू ली।' 'देग छू ली ! हिन्दू है या मुसलमान ?'

'मुसलमान मालूम होती है।'

'निकाल दो कमबख्त को ?'

बुढ़िया लाञ्छना से पीड़ित होकर उठ गयी। उसका कसूर क्या था ?

वह उठी और सर झुकाकर चल दी।

सामने ही एक दूसरा ढाबा था। उसकी हिम्मत न हुई वहाँ जाने की, लेकिन उस पर चाँद-तारे का एक हरा झण्डा लगा हुआ था । उसको कुछ सान्त्वना हुई और वह वहाँ चली गयी। सामने एक वालन्टियर था । उसने रोका - 'यहाँ सिर्फ मुसलमानों को खाना मिलता है ।

'मैं भी मुस्लिम हूँ' बुढ़िया ने जवाब दिया । 'सामने के ढाबे से खाकर आयी है, काफिर है; साफ काफिर, शक्ल से नहीं देखते।' दूसरा वालन्टियर बोला-

'भाग ! भाग ! यहाँ काफिरों की गुजर नहीं चल हट ?'

बुढ़िया का चेहरा तमतमा गया और चीखकर बोली-

'खुदा के बन्दो ! अल्लाह ने अनाज के दानों पर मजहब की छाप लगाकर नहीं भेजा है। तुम्हारी ओछी बात सुनकर मुझे अपने मुसलमान होने में शरम आती है । '

'पागल है ?' एक बोला-

'भूख से दिमाग खराब हो गया है।'

'अल्लाह काफिरों को ऐसी ही सजा देता है।'

बुढ़िया कहती ही गयी - 'तुम काफिरों को खाना नहीं देते, मत दो। मत दो कमबख्तो ! वह धरती अभी कहीं नहीं गयी जिसने हम सब को बिना मजहब के ख्याल के पैदा किया है। तुम्हारा अनाज लेने के बजाय उसी धरती पर मर जाना मैं ज्यादा पसन्द करूँगी। खुदा तुम्हारा भला करे ।'

और वह हाँफती हुई एक ओर चली गयी।

दूसरे दिन कलकत्ते के एक प्रमुख दैनिक में छपा था-

'बंगाल के इस अकाल में समस्त भारत, प्रान्त और धर्म का भेद-भाव भुलाकर सहायता कर रहा है। मारवाड़ियों और इस्फहानियों, दोनों ने सार्वजनिक भोजनालय खोले हैं। इस सम्बन्ध में हम सरकारी अस्पतालों की मूल्यवान सहायता भी नहीं भुला सकते। हम इन सबके हृदय से कृतज्ञ हैं।'

इसके नीचे एक छोटी-सी नगण्य और महत्त्वहीन खबर छपी थी ।

'यद्यपि सरकारी अस्पतालों के कार्य से भुखमरों की संख्या में भारी कमी है, फिर भी अभी मौतें बराबर हो रही हैं। मुस्लिम ढाबे के नजदीक एक बुढ़िया की लाश पायी गयी है जो ठीक वक्त से अस्पताल न पहुँच पाने के कारण मर गयी।

यह नहीं समझ में आता कि लाश जलायी जाय या दफनाई जाय, क्योंकि यह पहचान नहीं पायी है कि बुढ़िया हिन्दू थी या मुसलमान... ।'


## कविता

■ सौरभ सेन राही

ये सब जो चल रहा है
सदियों से चल रहा है,
चूंकि चलते रहना
जीवित
होने का भ्रम है
इसलिए यह क्रम है,
बिना किसी सार्थकता के
कुछ भी बोलना,
कुछ भी सुनना,
कुछ भी देखना
कुछ भी करना,
वृथा जीना वृथा मरना,
सैकड़ों कहानियों की
अनगिन कल्पनाओं की
बहुरंगी कतरनें अपनी
जीवेषणा के खोल में
भरे हुए जीते रहना
और हलाहल पीते रहना
फिर एक दिन आयेगा
सबका गला रूंध जायेगा
सब देखेंगे अपनी नंगी
आंखों से शमशान मे
बदलते इस उपवन की
त्रासदी
और हम कुछ न बोल
पायेंगे
केवल निकलेगी कंठ
से लहू की धार
हांफते चिल्लाते सब
सुनेंगे हाहाकार
कामनाओं का इच्छित
अधिभार
तमस मे डूबते प्राणों का
चीत्कार
संभवत: कोई सुन पाये
मुक्तिपथ भी चुन पाये
फिर भी यह निश्चित है
अस्तित्व की करुण
पुकार
हमे बुलाती रहेगी
अंतरशून्य को जगाती
रहेगी
मेरे मित्र तुम सुन लेना
मुक्ति का पथ तुम चुन
लेना।

छत्तीसगढ़

## ग़ज़ल



■ असरार-उल-हक़ मजाज़

हुस्न को बे-हिजाब होना था
शौक़ को कामयाब होना था

हिज्र में कैफ़-ए-इज़्तिराब न पूछ
ख़ून-ए-दिल भी शराब होना था

तेरे जल्वों में घिर गया आख़िर
ज़र्रे को आफ़्ताब होना था

कुछ तुम्हारी निगाह काफ़िर थी
कुछ मुझे भी ख़राब होना था

रात तारों का टूटना भी मजाज़
बाइस-ए-इज़्तिराब होना था

व्यंग्य

■ मुकेश राठौर

# हिंदी के घर हिंदी दिवस




हिंदी दिवस के अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित इंग्लिश मीडियम स्कूल के कुछ सोशल मीडिया कवि टाइप हिंदी प्रेमी शिक्षक, हिंदी के घर पहुंचे। जैसे वृद्ध दिवस पर बेटे-बहू और शिक्षक दिवस पर भूतपूर्व छात्र क्रमश: वृद्धाश्रम और विद्यालय पहुंचते हैं। पहुंचाना भी चाहिए क्योंकि जो दिवस जिसके लिए आरक्षित है,कम से कम उस दिन तो उसे याद करना बनता ही है। वरना दिवस बनाने और मानने का औचित्य ही क्या रह जायेगा ! मालूम हो कि हिंदी कभी इस स्कूल की प्रधान हुआ करती थी लेकिन जब से विद्यालय स्कूल बना और अंग्रेजी प्रिंसिपल हुई हिंदी अवशेषी अंग बनकर रह गई और फिर शनै-शनै अनियमित होते-होते एक दिन शाला त्यागी हो गई। जैसे घरों में डेढ़ सयानी बहूओं के आने के बाद सासों के साथ होता है।

सुना हैं कि अंग्रेजी पढ़ने-पढ़ाने वाले लोग सभ्य होते हैं, अंग्रेजी ओढ़ते हैं, अंग्रेजी बिछाते हैं, अंग्रेजी खाते हैं, अंग्रेजी पीते हैं, सभ्यता तो वैसे ही आ जाती है, कदाचित इसीलिए यहां के कुछ सुधि शिक्षक हर साल अपने स्कूल की संस्थापक भाषा हिंदी को याद कर लिया करते हैं. जैसे पार्टियों में मार्गदर्शक बनकर बैठे वरिष्ठ नेताओं को गाहे-बगाहे याद कर लिया जाता है. बहरहाल हिंदी डे मनाने हेतु वे शॉल,श्रीफल,फूलमाला और प्रशस्ति पत्र लेकर पहुंचे। अपनी मातृभाषा के लिए इतना वार्षिक खर्चा तो बनता है. आजकल सम्मान पर होने वाले खर्च राशि,देने वाले हाथ और स्थान से सम्मान का वज़न तौला जाता है.

हिंदी प्रेमियों ने देखा एक पुराने से कमरे में घर की दादी माँ संस्कृत खाट पर पड़े कराह रही है. दूसरे कमरे में मां हिंदी उदास लेटी है, अपनों की उपेक्षा से संस्कृत की सांस रुद्ध हो रही थी तो हिंदी की हालत हिंग्लिश हो गई थी. सिरहाने और पैताने बोलियां खड़ी हैं. इस चिंता में कि किसी दिन दादी और मां को कुछ हो गया तो हमें घर में कौन पूछेगा ! मां तब तक मायका अब जबकि हिंदी की ही एक बेटी निमाड़ी का उन्नीस सितंबर को जन्मदिन आने वाला है ,लेकिन...! मां खुश नहीं तो कुछ नहीं ओ मां, ओ मां...के बाद भी हिंदी द्वारा हुंकारा तक न दिए जाने से इन हिंदी प्रेमियों को आवत ही हरषै नहीं,नैनन नहीं सनेह वाली फीलिंग हुई, कुछ और बोलते इससे पहले ही एक बोली बतियाने लगी कि मां को साल भर बोलने के बदले एक दिन उन पर बोल कर सब पानी बोल डाल जाते हैं, मां जब विद्यालय जाती थी बहुत खुश थी, कहती अंग्रेजों के जमाने में बहुत दुख झेले। मैं ही नहीं मेरी बेटियां भी दुनिया पर राज करेगी।अफ़सोस अंग्रेज चले गए मगर अंग्रेजी छोड़ गए. जैसे-जैसे विद्यालय छूटा ,उम्मीद की डोर छूटती गई। वह आप से बात नहीं करना चाहती।

हिंदी के सम्मान की प्रतीक्षा में खड़े हिंदी प्रेमियों ने कहा कि हम हिंदी का दुख समझते हैं,हमें पता है कि वे स्वाभिमानी है। वे नहीं आएंगी तभी तो हम खुद चलकर आ गए। प्लीज उन्हें समझाइये। कुछ देर की तो बात है. यकीन मानिए सालभर डिस्टर्ब नहीं करेंगे। इस बीच हिंदी खुद आ गई। बोली मैं सम्मान के लिए तैयार हूं लेकिन घर बैठे नहीं !मुझे विद्यालय में सम्मानित कीजिये। मुझे मेरे पद पर प्रतिष्ठित कीजिये। हिंग्लिश बन चुकी हिंदी के फिर से स्कूल लौटने की बात पर हिंदी प्रेमियों के होश उड़ गए, कहां तो वे फॉरमैलिटी निभाने आये। थे और कहां हिंदी फिर फॉर्म में लौट आई. उन्हें अपने बचों और पेरेंट्स के हिंदी-हिंदी हो जाने का भय सताने लगा, वे सम्मान सामग्री वहीं छोड़ उल्टे पांव लौट गए. ।

# पहाडीखेरा रोड सारंग के पास ट्रैक्टर पल्टा एक की मौत, एक घायल

**पन्ना, देशबन्धु।** अस्सी करोड की लागत से बनाई जा रही पन्ना पहाडीखेरा रोड के घटिया निर्माण के चलते आये दिन सडक दुर्घटनाएं हो रही है तथा बिना मौत लोग काल के गाल में समा रहे है। जिसका मुख्य कारण निर्माणकर्ता ठेकेदार द्वारा निर्माणाधीन सडक में काली मिट्टी तथा घटिया गिट्टी डालना है, साथ ही संपूर्ण रोड की पुल एवं पुलियो का एक साथ खुदाई करना है। जिससे थोडी सी भी वर्षात होने पर जाम लग जाता है तथा वाहन चलाना मुश्किल होता है एवं आये दिन सडक दुर्घटना हो रही है। उक्त मामले को लेकर पूर्व में कांग्रेस द्वारा दो बार जिला प्रशासन को ज्ञापन भी दिया जा चुका है। लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई। गत दिवस 15 सितम्बर को सांरगपुर के पास अनियंत्रित हो कर ट्रैक्टर पलट गया जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा दूसरा बुरी तरह घायल है। जिसका इलाज रीवा मेडिकल कालेज में चल रहा है। घायल का नाम प्रहलाद कुशवाहा है तथा मृतक का नाम पुष्पेन्द्र कुशवाहा है। दोनो किटहा ग्राम के निवासी रहें है। उक्त घटना से क्षेत्र मे शोक का माहोल कायम है। स्थानीय लोगो का कहना है कि घटिया सडक निर्माण के चलते इस प्रकार की घटनाएं लगातार घटित हो रही है।

## मुख्यमंत्री लाडली बहना आवास योजना का शुभारंभ आज

**पन्ना, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज कुशाभाऊ ठाकरे हॉल भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रात: 10 बजे मुख्यमंत्री लाडली बहना आवास योजना का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत, जनपद पंचायत तथा ग्राम पंचायत में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को भी अनिवार्य रूप से आमंत्रित करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम स्थल पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। मुख्यमंत्री का संबोधन सभी जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायत के कार्यक्रम स्थलों पर देखा तथा सुना जाएगा। कार्यक्रम दूरदर्शन, फेसबुक, यूट्यूब तथा वेबकास्ट लिंक द्वारा भी प्रसारित होगा।

# मतदान प्रतिशत में बढ़ोत्तरी के लिए किया जा रहा है जागरूक




**पन्ना, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर जिले में स्वीप गतिविधियों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों के माध्यम से ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को निष्पक्ष मतदान के लिए प्रेरित कर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में विविध आयोजन किए गए, जिनके माध्यम से लोकतंत्र के प्रति आस्था और जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में उपस्थितजनों द्वारा नैतिक मतदान की शपथ भी ली गई। पवई विकासखण्ड के ग्राम कुंवरपुर में स्वसहायता समूह की सदस्यों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

इसी तरह आंगनबाड़ी केन्द्रों में महिलाओं ने वोट दो की थीम पर हाथों में मेहंदी लगाई और जागरूकता का संदेश दिया। शहर के शासकीय मनहर कन्या उ.मा.विद्यालय में ईव्हीएम मशीन की कार्यप्रणाली के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही शासकीय महाविद्यालय गुनौर में मतदाता जागरूकता विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई।

## मतदाता सूची में मृत या दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाता मिलने पर होगी सख्त कार्रवाई

**पन्ना, देशबन्धु।** आगामी 4 अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद से मतदाता सूची में किसी भी मृत या दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाता का नाम नहीं होना चाहिए। यदि किसी बीएलओ की मतदाता सूची में मृत और दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाता पाए जाते हैं तो संबंधित बीएलओ, ईआरओ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए प्राप्त हुए आवेदनों का समय सीमा के अंदर निराकरण करने के निर्देश भी दिए गए हैं। मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 अंतर्गत 2 अगस्त से 11 सितंबर तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए ऑनलाइन, ऑफलाइन के माध्यम से आवेदन प्राप्त किए गए थे।

### मतदान केंद्रों पर होगा मतदाता सूची का वाचन

4 अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इस दिन सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का वाचन किया जाएगा। इस दौरान सेक्टर अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के साथ बैठक की जाएगी।

## सिलिंडर रीफिलिंग योजना में पंजीयन शुरू, 5 अक्टूबर तक महिलाएं कर सकती हैं आवेदन

**पन्ना, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लाड़ली बहनों को 450 रूपए में घरेलू गैस सिलेंडर प्रदान करने के लिए 15 सितम्बर से सिलिंडर रीफिलिंग योजना लांच की है। इस योजना में पंजीयन शुरू हो गए हैं। आगामी 5 अक्टूबर तक मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की हितग्राही महिलाएं योजना में पंजीयन करा सकती हैं। इसके लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की लाभार्थी महिलाएं भी पात्र हैं। योजना में ऑनलाइन पंजीयन होगा। योजना के लाभ के लिए महिला का एलपीजी आईडी, समग्र आईडी और लाड़ली बहना पंजीयन क्रमांक/ उज्ज्वला लाभार्थी होना आवश्यक है।

### रंजिता बनी जिले की पहली हितग्राही

सिलिंडर रीफिलिंग योजना में ग्राम पंचायत मनौर अंतर्गत जरूआपुर की लाड़ली बहना रंजिता सरदार 450 रूपए में घरेलू गैस सिलिंडर रीफिल प्राप्त करने वाली जिले की पहली हितग्राही बनी हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया की उपस्थिति में रंजिता का पंजीयन करवाया गया। इसी प्रकार अन्य ग्रामों व वार्ड में भी योजना के तहत पंजीयन का कार्य किया जा रहा है।

## शासकीय आईटीआई में प्रवेश का अंतिम अवसर

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले की शासकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए इच्छुक आवेदकों के पास प्रवेश का अंतिम अवसर उपलब्ध है। आईटीआई में विभिन्न व्यवसाय में रिक्त सीटों के विरूद्ध पहले आओ पहले पाओ के आधार पर आवेदक संस्था में स्वयं उपस्थित होकर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। मैकेनिक मोटर व्हीकल, मैकेनिक डीजल इंजन, ड्राफ्टमैन सिविल और वेल्डर ट्रेड में सीटें रिक्त हैं।

# निबंध प्रतियोगिता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**पन्ना, देशबन्धु।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा गत दिनों हिन्दी दिवस पर सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते ने हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए छात्र-छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर एकाग्रता के साथ निरंतर अध्ययन और पढ़ाई के अतिरिक्त अन्य किसी गतिविधि में भाग नहीं लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान यातायात अधिनियम, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, प्रसव पूर्व लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम, मप्र अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना 2015, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, नि:शुल्क विधिक सहायता, नालसा-सालसा की योजनाएं, टोल फ्री नंबर 151100 इत्यादि की जानकारी दी गई। प्राचार्य आरके तिवारी द्वारा आभार व्यक्त कर विद्यार्थियों को शिविर में दी गई जानकारी का लाभ उठाने का आग्रह किया।

# रंगौली एवं मेंहदी प्रतियोगिता शुरू



**इटारसी देशबन्धु।** श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज संगठन इटारसी में महिला मंडल द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम विश्वकर्मा धर्मशाला में आयोजित किया गया। महिला मंडल के अध्यक्ष आशु मालवीय ने बताया कि पहले दिन रंगोली एवं मेहंदी, फैंसी ड्रेस, सलाद डेकोरेशन, लेखन प्रतियोगिता, चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में नन्हे बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। दूसरे दिन आज सिंगिंग डांसिंग ओर एंकरिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन विश्वकर्मा धर्मशाला में किया जाएगा। रविवार 17 सितंबर 2023 को समाज द्वारा विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में शोभायात्रा आचार्य मंगल भवन से निकलकर ऑडिटोरियम में आकर संपन्न होगी। इसके बाद 12 बजे से ऑडिटोरियम में सभी अतिथियों, वृद्धों का सम्मान एवं 10 वी एवं 12 वी में 80 प्रतिशत अंक लाने वाले बच्चों का सम्मान किया जाएगा।


**कार्यालय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित रैगुदा**

क्रमांक/आमसभा/Q दिनांक 11/09/2023

**वार्षिक आम सभा की बैठक की सूचना**

सम्मानीय समिति कि प्रशासक एवं समिति के सभी महानुभाव सदस्य समस्त समिति के अंशधारी महानुभाव कृषक कार्यालय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित रैगुदा द्वारा सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिनांक 25-09-23 दिन सोमवार समय 12 बजे समिति कार्यालय रैगुदा में होना निशिचित की गई है। जिसमें आप सभी की उपस्थिति सादर प्राथनीय है। नोट: गणपूर्ति के आभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आम सभा स्थान पर आधे घण्टे बाद होगी जिसमें गणपूर्ति की आवश्यकता नही होगी आम सभा में निम्न विषयो पर विचार किया जायेगा।

विषय:-1. गतवर्ष की आमसभा की पुष्टि करना।
2. गत वर्ष के आय व्यय का अवलोकन एवं स्वीकृत करना।
3. वर्ष 2024-25 का प्रस्तावित बजट स्वीकृत करना।
4. वर्ष 2024-25 के लिये वार्षिक कार्यक्रम स्वीकृत करना।
5. वर्ष-2023-24 हेतु लेखा संपरिक्षा की नियुक्ति करना।
6. अन्य विषय प्रशासक महोदय की अनुमति से।

**समिति प्रबंधक**
**प्रा.कृषि साख सहकारी समिति मर्या.**
**रेगुदा जिला पन्ना ( म.प्र. )**

**कार्यालय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित शाहनगर**

क्रमांक/आमसभा/Q दिनांक 09/09/2023

**वार्षिक आम सभा की बैठक की सूचना**

सम्मानीय समिति कि प्रशासक एवं समिति के सभी महानुभाव सदस्य समस्त समिति के अंशधारी महानुभाव कृषक कार्यालय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सुड़ोर द्वारा सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिनांक 29-09-23 दिन शुक्रवार समय 1 बजे समिति कार्यालय सुड़ोर में होना निशिचित की गई है। जिसमें आप सभी की उपस्थिति सादर प्राथनीय है। नोट: गणपूर्ति के आभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आम सभा स्थान पर आधे घण्टे बाद होगी जिसमें गणपूर्ति की आवश्यकता नही होगी आम सभा में निम्न विषयो पर विचार किया जायेगा।

विषय:-1. गतवर्ष की आमसभा की पुष्टि करना।
2. गत वर्ष के आय व्यय का अवलोकन एवं स्वीकृत करना।
3. वर्ष 2024-25 का प्रस्तावित बजट स्वीकृत करना।
4. वर्ष 2024-25 के लिये वार्षिक कार्यक्रम स्वीकृत करना।
5. वर्ष-2023-24 हेतु लेखा संपरिक्षा की नियुक्ति करना।
6. अन्य विषय प्रशासक महोदय की अनुमति से।

**समिति प्रबंधक**
**प्रा.कृषि साख सहकारी समिति मर्या. सुड़ोर**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् छतरपुर म.प्र.**

क्रमांक-9135/दु.रा.शा./न.पा.छ./2023-24 छतरपुर, दिनांक 15.9.2023

**सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि वैसे स्टेण्ड सर्किल क्रमांक 06 प्रथम तल में स्थित निकाय स्वामित्व की दुकान क्रमांक 07 जो सुनील वर्मा तनय लक्ष्मी प्रसाद वर्मा निवासी वार्ड नं. 08 पुराना इलाहाबाद बैंक के पीछे कछियाना मार्ग छतरपुर म.प्र. के नाम से मासिक किरायेदारी पर आवंटित है। स्वयं सुनील वर्मा तनय लक्ष्मी प्रसाद वर्मा के द्वारा निकाय में आवेदन एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उपरोक्त दुकान क्रमांक 07 की किरायेदारी का हस्तांतरण श्रीमती फहमीदा बेगम पत्नी जुफिरकार बेग निवासी वार्ड नं. 38 बेनीगंज मुहल्ला हॉस्पीटल के पीछे छतरपुर म.प्र. के नाम से किये जाने का अनुरोध निकाय में किया गया है।

अत: उपरोक्त दुकान क्रमांक 07 प्रथम तल की दुकान से संबंधित अन्य वारसानों एवं अन्य किसी व्यक्तियों को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो दिनांक 30.09.2023 तक नगर पालिका छतरपुर की दुकान किराया शाखा में प्रस्तुत कर सकता है, निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**नोट:- आवेदक के व्यय पर प्रकाशित**

**राजस्व प्रभारी नगर पालिका परिषद छतरपुर**


## मतदान केन्द्रों पर दिव्यांगजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

**नर्मदापुरम देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों को सुगमता से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर नीरज कुमार सिंह द्वारा सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है।

उन्होंने निर्देशित किया है कि जिले के ऐसे मतदान केन्द्रों का चयन किया जाए, जहां दिव्यांगजन को सुगमता से मतदान की व्यवस्थाए की जा सके। मतदान केन्द्रों में स्वयं सेवा संस्थाओं तथा अन्य इच्छुक व्यक्तियों के सहयोग से मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर तथा वॉकर की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। विगत 2018-19 के चुनावों में भी व्हीलचेयर, वाकर की व्यवस्था की गई थी। इन उपकरणों का पुन: आकलन कर सुधार कार्य अथवा नवीन उपकरणों का क्रय किया जाए। इसके लिए मतदान केंद्र चार, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, नगरीय निकायों की कार्य योजना तैयार की जाए। चुनाव आयोग के सामान्य निर्देशों के अध्याधीन दृष्टिबाधित दिव्यागों को मतदान ले जाने की व्यवस्था स्वयंसेवी व्यक्तियों के माध्यम से की जाती है। ऐसे मतदान केन्द्र जहां रेम्प नहीं है वहां अस्थाई स्थाई रेम्प की व्यवस्था की जाए।


**कार्यालय कलेक्टर जिला सागर एवं पदेन उप सचिव, मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग**

**प्रारूप-क**
**( नियम 4 देखिए )**

क्रमांक- 001अ/82/23-24/भू-अर्जन/2023/6600 सागर दिनांक 16.08.2023

मौजा मेढ़की पट.ह.नं. 28 तहसील जैसीनगर

राज्य सरकार प्रभावित क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर, यथास्थिति संबंधित ग्राम पंचायत के परामर्श से निम्न भूमियों का अर्जन करना चाहती है और लोक प्रयोजन के लिए सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन करना चाहती है। अध्ययन का कार्य भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (क्रमांक 30 सन 2013) की धारा 4 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।

| | | |
|---|---|---|
| (1) | परियोजना विकासक का नाम | परियोजना प्रबंधक, बीनापी, एम.यू. जल संसाधन विभाग सागर |
| (2) | भूमि के प्रस्तावित अर्जन का प्रयोजन | जेरा मध्य सिंचाई परियोजनांतर्गत शीर्ष कार्य एवं डूब क्षेत्र निर्माण |
| (3) | अध्ययन का कार्य हाथ में लेने वाले सामाजिक समाघात निर्धारण दल के विवरण | 1- अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सागर<br>2- राजस्व निरीक्षक, जैसीनगर<br>3- सरपंच ग्राम पंचायत, बेरखेरी गुसाई वि.ख जैसीनगर<br>4- सचिव ग्राम पंचायत बेरखेरी गुसाई बेरखेरी गुसाई वि.ख. जैसीनगर |
| (4) | भूमि का विवरण | : |
| (क) | जिला | सागर |
| (ख) | तहसील | जैसीनगर |
| (ग) | ग्राम/नगर | मेढ़की |
| (घ) | कुल प्रभावित क्षेत्र | 56.753 हे. |
| (ड) | अर्जित होने वाला क्षेत्र | 56.753 हे. |
| (5) | प्रस्तावित परियोजना का संक्षिप्त विवरण | जेरा मध्यम सिंचाई परियोजनांतर्गत |
| (6) | परियोजना क्षेत्र और प्रभावित क्षेत्र | 56.753 हे. |
| (7) | क्या ग्रामसभाओं और/या भूमिधारकों की सहमति अपेक्षित है। | नहीं |
| (8) | सामाजिक समाघात निर्धारण पूर्ण किए जाने की तारीख | अधिसूचना प्रकाशन से छ: माह के भीतर |

**( दीपक आर्य )**
**कलेक्टर जिला सागर एवं पदेन उपसचिव**
**मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग**

जी-19787/ 23

**न्यायालय श्रीमान् एम.ए.सी.टी. महोदय, मथुरा**
**एम.ए.सी. नं0-347/2021**

1. करण सिंह पुत्र स्व0 श्री प्यारेलाल उम्र 59 वर्ष निवासी-नदोला कामा जिला-भरतपुर (राजस्थान)
2. कपिल कुमार पुत्र श्री करण सिंह उम्र करीब-25 वर्ष निवासी-उपरोक्त (मृतका का पुत्र)
3. अनिल कुमार पुत्र करण सिंह उम्र 20 साल निवासी-उपरोक्त (मृतका का पुत्र)

**बनाम**

1. कृष्णा तिवारी पुत्र शंकरलाल निवासी-कसाई पाड़ा जैन गली गोवर्धन थाना-गोवर्धन जिला-मथुरा (मालिक टाटा मैजिक संख्या यू0पी085बी.टी.2136)
2. आशीष दुबे पुत्र स्व0 दुर्गाप्रसाद दुबे निवासी-गोपाल गंज थाने के बराबर में लाल स्कूल के सामने गोपालगंज थाना-गोपालगंज सागर जिला-सागर मध्यप्रदेश (ड्राइवर टाटा मैजिक संख्या यू0पी085 बी.टी.2136)

हरगाह वादी ने आपके विरूद्ध एम0ए0सी0 नं0-347/2021 दिनांक 13.08.2021 को दाखिल की है जो माननीय एम.ए.सी.टी. महोदय के यहाँ सुनवायी हेतु लम्बित है लिहाजा आपको चेतावनी दी जाती है कि आप प्रतिवादीगण वाद में नियत तिथि 12.10.2023 को व वक्त 10 बजे दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालात से वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ मुमराई अहम मुतालिका मुकदमा का जबाव दे सके जिसके साथ कोई सख्स हो जो जबाव ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जबावदेही दावा करें और आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने दस्तावेज पेश करे, जिन पर आप अपनी जबावदेही के स्तेमाल करना चाहते हो। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूल आप हाजिर न होगें तो मुकदमा वगैर हाजिरी आप प्रतिवादीगण के विरूद्ध मसमूह और फैसला होगा।

ववक्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज दिनांक 13 माह 09 सन् 2023 जारी किया गया।

**एम.ए.सी.टी. मथुरा**

**कार्यालय नगर परिषद बांदरी जिला-सागर (म.प्र.)**

क्रं./ लोक निर्माण / निविदा / 2023/1918 बांदरी दिनांक 15.09.2023

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रं. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि | आमंत्रण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_308775_1 16.09.2023 | निकाय क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों पर ट्रांसफार्मर स्थापना कार्य | 1-01 माह 2-9.91 लाख | 1- 2000.00 2- 10000.00 | 27.09.2023 | प्रथम |
| 2 | 2023_UAD_308776_1 16.09.2023 | वार्ड क्रं. 01 में विद्युतीकरण कार्य | 1-01 माह 2-9.56 लाख | 1- 2000.00 2- 9600.00 | 23.09.2023 | द्वितीय |
| 3 | 2023_UAD_308777_1 16.09.2023 | वार्ड क्रं. 02 में विद्युतीकरण कार्य | 1-01 माह 2-8.06 लाख | 1- 2000.00 2- 8100.00 | 23.09.2023 | द्वितीय |
| 4 | 2023_UAD_308778_1 16.09.2023 | निकाय क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों पर टीन शेड निर्माण कार्य | 1-01 माह 2-9.78 लाख | 1- 2000.00 2- 9800.00 | 23.09.2023 | द्वितीय |
| 5 | 2023_UAD_308779_1 16.09.2023 | वार्ड क्रं. 07,08 एवं 09 में स्थित शासकीय विद्यालयों में मरम्मत कार्य | 1-01 माह 2-8.46 लाख | 1- 2000.00 2- 8500.00 | 23.09.2023 | द्वितीय |

नोट: निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद बांदरी जिला सागर**

**कार्यालय नगर परिषद बरोदियाकलां जिला-सागर (म.प्र.)**

क्रं./ लोक निर्माण / निविदा / 2023/1220 बरोदियाकलां दिनांक 13.09.2023

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रं. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_307744_1 14.09.2023 | निकाय क्षेत्रांतर्गत खेरा में 11 केवीए विद्युत लाईन का कार्य | 1-02 माह 2-5.16 लाख | 1- 2000.00 2- 5200.00 | 30.09.2023 |
| 2 | 2023_UAD_307746_1 14.09.2023 | निकाय क्षेत्रांतर्गत डबडेरा में एल.टी. पोल स्थापना कार्य | 1-02 माह 2-322 लाख | 1- 2000.00 2- 3300.00 | 30.09.2023 |
| 3 | 2023_UAD_307747_1 14.09.2023 | निकाय क्षेत्रांतर्गत मृगावली में एल.टी. पोल स्थापना कार्य | 1-02 माह 2-4.18 लाख | 1- 2000.00 2- 4200.00 | 30.09.2023 |
| 4 | 2023_UAD_307749_1 14.09.2023 | निकाय क्षेत्रांतर्गत बीकारोकलां में एल.टी. पोल स्थापना कार्य | 1-02 माह 2-2.87 लाख | 1- 2000.00 2- 2900.00 | 30.09.2023 |
| 5 | 2023_UAD_307751_1 14.09.2023 | निकाय क्षेत्रांतर्गत उमरई में एल.टी. पोल स्थापना कार्य | 1-02 माह 2-2.72 लाख | 1- 2000.00 2- 2800.00 | 30.09.2023 |
| 6 | 2023_UAD_307753_1 14.09.2023 | निकाय क्षेत्रांतर्गत ढडली में एल.टी. पोल स्थापना कार्य | 1-02 माह 2-3.29 लाख | 1- 2000.00 2- 3300.00 | 30.09.2023 |

नोट: निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद बरोदियाकलां जिला सागर**

### उल्टी दस्त की बीमारी से जूझ रहे करीब 55 ग्रामीण, सक्रिय हुई स्वास्थ्य विभाग की टीम

# दूषित पानी पीने से 2 महिलाओं सहित 3 लोगों की मौत





**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले के बड़ागांव तहसील के ग्राम अमरपुर में उल्टी-दस्त की बीमारी ने पैर पसार लिए हैं। दो दिन में गांव में तीन लोगों की मौत हो गई है, जबकि करीब 55 लोग बीमार हो गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम भी गांव में पहुंच चुकी है। मरीजों को चिह्नित कर उनका इलाज किया जा रहा है। इस बीमारी को एक्यूट डायरिया बताया जा रहा है, जो दूषित पानी पीने से फैला है। बड़ागांव बीएमओ डॉक्टर शांतनु दीक्षित ने बताया कि एक दिन पहले बीमारी से भूरी बाई और वृद्ध भरोसा लोधी की मौत हो गई थी। शुक्रवार को 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला सक्कू पत्नी जमूरा अहिरवार की भी मौत हो गई। सूचना मिलने पर स्वास्थ्य टीम अमरपुर गांव पहुंची। डॉ. सतीश शाक्य, एसआर गर्ग, अशोक भार्गव, आनंद सेठी, देशराज सिंह घोष, प्रशांत द्विवेदी सहित कर्मचारियों ने घर-घर जाकर जांच की। मरीजों को चिह्नित कर अमरपुर में स्थित शासकीय उप स्वास्थ्य केंद्र में इलाज शुरू किया



गया है। ज्यादातर मरीज उल्टी दस्त से पीड़ित हैं। 60 वर्षीय नन्ही बाई अहिरवार, भारती अहिरवार, रती अहिरवार, महिपाल, पिंकी अहिरवार, सावित्री पाल सहित कई लोगों को बड़ागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बताया कि अभी तक 2 दिन में कुल 55 मरीज चिह्नित किए गए है, जिनका इलाज जारी है। सीएमएचओ शोभाराम रोशन और बड़ागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर शांतनु दीक्षित शनिवार 16 सितम्बर को अमरपुर गांव पहुंचकर स्थिति का जायजा लेकर स्वास्थ्य टीम को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि दूषित पानी पीने से यह बीमारी फैली है, जिसे नियंत्रित करने के लिए गांव के जल स्रोतों में दवा डाली जा रही है। स्वास्थ्य टीम सक्रियता से काम कर रही है और मरीजों का इलाज किया जा रहा है।

**घर-घर सर्वे करके किया गया उपचार:** कलेक्टर अवधेश शर्मा के निर्देशानुसार तथा सीएमएचओ डॉ. शोभाराम रोशन के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र अमरपुर में उल्टी दस्त की शिकायत होने पर 14 सितम्बर को ग्राम में रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया गया। ग्राम में घर-घर भ्रमण कर टीम द्वारा सर्वे करके उल्टी दस्त के मरीजों का उपचार किया गया, जिसमें लगभग 59 मरीजों को देखा गया, जिनमें उल्टी दस्त के 15 तथा दस्त के 30 मरीज पाए गए। 14 मरीज बुखार, सर्दी, जुकाम, खांसी के देखे गये एवं उनका उपचार किया गया। उप स्वास्थ्य केंद्र अमरपुर में स्वास्थ्य टीम 24 घंटे तैनात है।

# घायल सवारियों को अस्पताल छोड़कर टैक्सी चालक गायब



▸ इलाज कराने का भरोसा देकर शिकायत करने से रोका, गरीब आदिवासी परिवार हो रहा परेशान

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** विगत 14 सितम्बर की सुबह 8 बजे रेल्वे स्टेशन खरगापुर से ग्राम चरी की ओर 4 सवारी बैठाकर ले जा रहा तीन पहिया वाहन (टैक्सी) रास्ते में गुना एवं मातौल के बीच पलट जाने से सवारियां चोटिल हो गई थी। सवारियों के चोटिल हो जाने के बाद टैक्सी मालिक (चालक) द्वारा घायल सवारियों को इलाज कराने की बात कह कर जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ ले जाया गया।

जिला चिकित्सालय में भर्ती कराने के बाद टैक्सी चालक गायब हो गया और गंभीर रुप से घायल ग्राम चरी निवासी प्रहलाद आदिवासी तथा इनकी पत्नि रामकुमारी आदिवासी को अपना इलाज स्वयं के व्यय से कराना पड़ रहा है। बताया गया है कि अन्य दो घायलों की अस्पताल से छुट्टी करा दी गई है। जिला चिकित्सालय में इलाजरत प्रहलाद आदिवासी ने बताया है कि घटना के समय टैक्सी भूरा अहिरवार निवासी ग्राम चरी चला रहा था तथा इसका भाई कमलेश अहिरवार उसे टैक्सी चलाना सिखा रहा था। भूरा अहिरवार ने लापरवासी से वाहन चलाते हुए पलट दिया और इसका खामियाजा सवारियों को भुगतना पड़ा है। इस घटना के बाद जिला चिकित्सालय में इलाजरत प्रहलाद आदिवासी के पैर में चोट पहुंची है तथा इसकी पत्नि रामकुमारी के सिर एवं पैर में गंभीर चोट आई है। बताया गया है कि घायल महिला रामकुमारी का एक्सरा तथा सीटी स्कैन कराने पर गंभीर चोट बताई गई है। घटना में घायल प्रहलाद आदिवासी ने बताया है कि जिला चिकित्सालय में भर्ती कराने के बाद तहसील खरगापुर अंतर्गत ग्राम चरी निवासी टैक्सी चालक व मालिक कमलेश अहिरवार तथा भूरा अहिरवार गायब हो गए हैं। इलाज के लिए परेशान घायलों के परिजनों ने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक के करने की बात कही है।

## लाड़ली बहना आवास योजना का शुभारंभ पर होगा कार्यक्रम

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज प्रातः 11 बजे कुशाभाऊ ठाकरे हॉल, भोपाल में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना का शुभारंभ करेंगे। मुख्य कार्यक्रम अधिकारी जिला पंचायत सिद्धार्थ जैन ने कार्यक्रम के प्रसारण हेतु आवश्यक निर्देश जारी किये हैं। उन्होंने निर्देशित किया है कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम का जिला पंचायत, जनपद पंचायत तथा ग्राम पंचायतों में संबंधित जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणजनों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाये। भोपाल में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम का दूरदर्शन के माध्यम से सीधा प्रसारण किया जाये। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का संबोधन सभी जनपद-ग्राम पंचायतों के कार्यक्रम स्थलों एवं ग्रामों में देखा एवं सुना जायेगा तथा दूरदर्शन, फेसबुक, यूटयूब, वेबकास्ट लिंक द्वारा भी प्रसारित होगा।

## डॉक्टर राय ने निश्चयमित्र बनकर 10 टीबी मरीजों को लिया गोद



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** टीबी मुक्त भारत अभियान की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शनिवार को राय मल्टी स्पेसिलिल्टी हॉस्पिटल के संचालक एवं भाजपा के कार्यकारणी सदस्य डॉक्टर बीके राय ने निश्चयमित्र बनकर 10 टीबी मरीजों को गोद लेकर मरीजों को अतिरिक्त पोषण आहार किट प्रदान की गई एवं क्षय रोग का इलाज पूरा होने तक मरीजों को अतिरिक्त पोषण आहार देने का संकल्प लिया गया। डॉक्टर राय द्वारा इन मरीजों का पुनः स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा मरीजों को पूर्ण इलाज लेने हेतु परामर्श दिया गया। डॉक्टर राय के इस सराहनीय कार्य के लिए जिला क्षय आधिकारी डॉक्टर राहुल गुप्ता एवं समस्त क्षय रोग विभाग द्वारा आभार व्यक्त करते हुए आशा प्रकट की गई कि डॉक्टर राय के इस प्रयास से प्रेरित होकर समाज एवं अन्य वर्ग क्षय मरीजों की सहायता हेतु आगे आएंगे।

## रानीगंज में कलेक्टर एवं सीईओ ने किया पौधारोपण



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर अवधेश शर्मा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिद्धार्थ जैन द्वारा वाटरशेड विकास घटक, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की माईक्रोवाटरशेड समिति रानीगंज, जनपद पंचायत जतारा में शासकीय भूमि पर वृहद रूप से फलदार पौधों (अमरूद, आम, आंवला, सीताफल एवं नीबू) का वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री शर्मा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जैन द्वारा परियोजना क्षेत्र से उपस्थित ग्रामीणजनों से संवाद किया गया, जिसमें जल का संरक्षण एवं संवर्धन करने तथा लगाये गये पौधों का रखरखाव बेहतर तरीके से किए जाने हेतु कहा गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग जतारा लोकेन्द्र सिंह सरल, डीपीएम एनआरएलएम, जिला परियोजना अधिकारी (वाटरशेड), जिला समन्वयक (एसबीएम), वरिष्ठ लेखाधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जतारा, तहसीलदार लिधौरा/दिगोड़ा एवं जिले के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चोरों ने लगाई राम जानकी मंदिर में सेंध, 5 सौ साल पुरानी अष्टधातु की प्रतिमाएं ले उड़े



**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बम्होरी बराना गांव के मंदिर में बीती शुक्रवार की रात सेंध लगाकर अज्ञात चोरों द्वारा भगवान श्रीराम सहित माता जानकी की मूर्तियों को चोरी कर लिया गया है। मंदिर के पुजारी द्वारा पुलिस को चोरी की घटना के बारे में सूचित किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने संदेह के आधार पर तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मंदिर से अष्टधातु की 500 साल पुरानी प्रतिमाएं चोरी करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। मंदिर के पुजारी राजेन्द्र उर्फराजू नायक ने बताया कि बम्होरी खास के मंदिर में रात करीब 1:30 बजे श्रीराम जानकी मंदिर के ताले टूटे हुए थे। इस मंदिर से चोरी कर तीन अज्ञात लोग बाइक से भगवान श्रीराम जानकी की मूर्ति को लेकर मरगुवां रोड की तरफ जा रहे थे। दिगोड़ा पुलिस ने चोरों का पीछा किया लेकिन मोटर साइकिल पर सवार चोर अंधेरा होने एवं बीच सड़क में जानवर आने के कारण भागने में सफल रहे।

## जंगली सुअर का शिकार करने वाला आरोपी गिरफ्तार



टीकमगढ़। वन विभाग की टीम ने शनिवार को कारी वन क्षेत्र में जंगली सूअर का शिकार करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने वन क्षेत्र में अवैध तरीके से जंगली सूअर का शिकार कर उसे झाड़ियों में छिपा दिया था। वन विभाग की टीम ने आरोपी को मौके से पकड़कर वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। इस संबंध में डिप्टी रेंजर संजय शर्मा ने बताया कि वन क्षेत्र के कारी बीट नंबर 2 में शनिवार को ग्राम पंचायत गोपालपुरा के फुटेरी गांव निवासी धनीराम खंगार ने जंगली सूअर का शिकार किया। आरोपी ने जंगली सूअर को मारने के बाद झाड़ियों में छिपा दिया था। वन विभाग के उड़नदस्ते को जब इस बात की जानकारी लगी तो वन क्षेत्र से आरोपी को पकड़कर पूछताछ की गई। इसके बाद आरोपी की निशानदेही पर झाड़ियों में छिपाकर रखे जंगली सूअर को बरामद किया गया। इसके बाद मृत सूअर का पीएम कराया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। वन विभाग की टीम को घटना में अन्य लोगों के शामिल होने का संदेह है, इस आधार पर वन विभाग के अधिकारियों ने आरोपी से पूछताछ की है। बीट प्रभारी जुगल किशोर नामदेव ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया था जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### गाय के चारा खा लेने को लेकर हुआ था विवाद

# घटना के 24 घंटे के अंदर हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** बड़ागांव पुलिस द्वारा 24 घण्टे के अंदर हत्या के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई है। इस संदर्भ में बताया गया है कि फरियादी कमलेश अहिरवार द्वारा रिपोर्ट लेख कराई गई कि दोपहर करीबन 2 बजे गांव के ही रिश्तेदार राजेश अहिरवार की गाय के द्वारा मृतक मलखान अहिरवार की गाय का बांट (चारा) भोजन खा लेने से उत्पन्न विवाद पर से इसके पिता मलखान अहिरवार की लात घूंसों से मारपीट की गई है जिसके बाद मलखान की मृत्यू हो गई। इस पर थाना बड़ागांव में अपराध क्रमांक 143/23 धारा 302 ताहि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी को संपूर्ण घटना से अवगत कराया तथा मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल ही आरोपी को पकड़ने के निर्देश दिये गये। मोके पर एसडीओपी राहुल कटारे एवं एफएसएल अधिकारी डॉ. प्रदीप के द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर मार्गदर्शन दिया गया। तत्काल ही थाना बड़ागांव से थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिवेन्द्र त्रिवेदी के द्वारा पुलिस टीम गठित की गई तथा आसपास के क्षेत्रों मे आरोपी की तलाश की गई। 24 घण्टे के अंदर ही 16 सितम्बर को आरोपी राजेश पिता हिरठआ उर्फ हिरठ अहिरवार उम्र 52 साल निवासी ककरवाहा उगड़ थाना बड़ागांव को इन्द्रानगर तिराहा ककरवाहा से गिरफ्तार करके न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिवेन्द्र त्रिवेदी, उप निरीक्षक कमल विक्रम पाठक, एनएल कोल, प्रधान आरक्षक 553 मनोज, 134 हरप्रसाद, आरक्षक 202 अरविन्द मिश्रा, 344 सुनील मिश्रा, एनआरएस चंद्रप्रकाश की सराहनीय भूमिका रही।


# शौर्य जागरण यात्रा रथ का अनेक स्थानों पर किया स्वागत



**दिगौड़ा, देशबन्धु।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल और समस्त हिन्दू संगठनों के नेतृत्व में श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में लगभग 500 वर्षों के लम्बे संघर्ष के बाद लाखों कारसेवकों, रामभक्तों के बलिदानो के फलस्वरूप मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम जी के भव्य और विराट मंदिर का निर्माण होने जा रहा है। जिसके निमित्त सम्पूर्ण भारत भर में बजरंग दल के द्वारा शौर्य जागरण यात्रा का आयोजन कर वीरों की वीरता और पराक्रम को याद किया जा रहा है। उसी तारतम्य में छतरपुर विभाग बजरंग दल द्वारा शौर्य जागरण रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस रथ यात्रा का शुक्रवार की शाम को दिगौड़ा नगर में आगमन हुआ, जिसमें जिला पदाधिकारी भी शामिल रहे। इस यात्रा का बजरंग दल दिगौड़ा द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। मुख्य बाजार बस स्टैंड से किले के मैदान तक यह रथ यात्रा निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में नगर के विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ता व ग्रामवासी मौजूद रहे। शौर्य जागरण रथ यात्रा दिगौड़ा से होकर ग्राम दोर में पहुचने पर नरेंद्र घोष के निवास पर भव्य स्वागत किया गया। रथ यात्रा में शामिल बजरंग दल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के लिए स्वल्पाहार एवं भोजन की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर महाकौशल प्रांत से राजकुमार पाठक, विभाग संयोजक बृजेंद्र सिंह सेंगर, जिले के कार्यकारी अध्यक्ष विनोद आदित्य, जिला मंत्री राजेन्द्र राजा परमार, जिला समरसता प्रमुख संजय कुमार चौबे, जिला संयोजक यश सिरौठिया, जिला गौ रक्षा प्रमुख अशोक सेन, नगर से प्रशांत चढार, पियूष रैकवार, अजय राजा, प्रशांत रैकवार, शानू पंडा, निशांत सेन, अंकित यादव, मोहित सैनी, ऋषभ रैकवार, अमन झाँ सहित बड़ी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रजक समाज की मांग को विधायक राकेश गिरि ने दिया समर्थन

▸ मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का दिया आश्वासन, बीते 10 सितम्बर से जारी है अनिश्चितकालीन धरना



टीकमगढ़, देशबन्धु। कलेक्ट्रेट के सामने बीते रविवार 10 सितम्बर से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे संयुक्त मोर्चा रजक समाज के धरना स्थल पर शनिवार 16 सितम्बर को विधायक राकेश गिरि ने पहुंचकर जायज मांगों का समर्थन किया। इसके साथ ही रजक समाज की मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री तक पहुंचने का आश्वासन देते हुए मुख्यमंत्री के पास मांगे रखने की बात कही। इस मौके पर विधायक राकेश गिरी ने कहा कि वह रजक समाज के साथ हैं, तथा पुरानी टेहरी में संत गाडगे महाराज की प्रतिमा की स्थापना भी उन्ही ने कराई थी। श्री गिरी ने कहा कि रजक समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग को उनका समर्थन हैं और वह भी व्यक्तिगत रुप से चाहते हैं कि समाज की यह मांग पूरी की जाए। उल्लेखनीय है कि रजक समाज के जिलाध्यक्ष नंदलाल रजक के नेतृत्व में समस्त रजक (धोबी) समाज म.प्र. एक सूत्रीय मांगों को लेकर कि रायसेन, भोपाल, सीहोर जिले की तरह सम्पूर्ण म.प्र. में रजक जाति को अनुसूचित जाति में शामिल कराने के लिए अनिश्चितकालीन धरना जारी है। शनिवार को भारतीय जनता पार्टी की पूर्व मण्डल उपाध्यक्ष टीकमगढ़ व रजक समाज की जिलाध्यक्ष मीरादेवी रजक धरना स्थल पर पहंची। उन्होने सर्वप्रथम रजक समाज के आराध्य संत गाड़गे महाराज एवं संविधान निर्माता भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर फूलमालायें अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर मीरादेवी ने कहा कि म.प्र. में धोबी रजक (जाति) भोपाल, रायसेन, सीहोर जिले में अनुसूचित जाति में शामिल है। शेष जिलों में अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल किये हैं । क्षेत्रीय बंधन के कारण सम्पूर्ण म.प्र. में रजक जाति अनुसूचित जाति में शामिल नहीं है। राजस्थान के एक जिला अजमेर में रजक जाति अनुसूचित जाति में शामिल थी। शेष जिलों में नहीं। तब राजस्थान सरकार ने क्षेत्रीय बंधन समाप्त कर सम्पूर्ण राजस्थान में रजक जाति को अनुसूचित जाति का दर्जा दे दिया था। इसमें केन्द्र सरकार की अनुशंसा की आवश्यकता नहीं है। ऐसे ही म.प्र. सरकार 1976 के गजट नोटीफिकेशन के तहत रजक जाति का क्षेत्रीय बंधन समाप्त कर सम्पूर्ण म.प्र. भी रजक जाति को अनुसूचित जाति में शामिल कर इस जाति को न्याय पूर्ण मांग को पूर्ण कर सकती है। इन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र खटीक, राज्यमंत्री राहुल सिंह लोधी, जतारा विधायक हरिशंकर खटीक, निवाड़ी विधायक अनिल जैन, टीकमगढ़ विधायक राकेश गिरि गोस्वामी, प्रथ्वीपुर विधायक शिशुपाल यादव से मांग की है कि प्रदेश के विधान चुनाव 2023 के पूर्व रजक जाति का क्षेत्रीय बंधन समाप्त कर सम्पूर्ण म.प्र. में रजक जाति को अनुसूचित जाति में शामिल किया जाये, अन्यथा रजक (धोबी) जाति के क्रोध की ज्वाला का सामना करना पड़ेगा। इस अवसर पर रजक समाज संयोजक कैलाश नाहर, मोनू लक्ष्मण रजक, जिलाध्यक्ष नंदलाल रजक, युवा जिलाध्यक्ष ऋतिक रजक, राजू रजक, आसाराम रजक, रामकुमार राजन, राजाराम रजक, अनिल रजक, हरिओम रजक सहित अनेक सजातीय

## सार समाचार

### एनएसएस द्वारा मतदान हेतु युवा मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक



**दमोह देशबन्धु।** ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की तीन एनएसएस इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारियों एवं वॉलेंटियरों द्वारा महाविद्यालय में अध्ययन करने वाले 18 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे युवा जो प्रथम बार मतदान करेंगे, को मतदान अनिवार्य रूप से करने हेतु विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया गया। मतदाता जागरूकता नारे और स्लोगन के माध्यम से विद्यार्थियों को एनएसएस जिला संगठन डॉ जितेंद्र कुमार चौधरी द्वारा प्रोत्साहित किया गया। जिले की समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय एवं विद्यालयों में संचालित 31 एनएसएस की इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों एवं विद्यार्थियों को मतदान हेतु जागरूक करने की अपील की गई। इस मौके पर डॉ मीरा माधुरी महंत ने छात्रों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया।

### गैसाबाद थाना परिसर में प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों के लिए लगा शिविर बाऊंड ओवर भराये गए

**दमोह देशबन्धु।** आगामी विधानसभा 2023 की तैयारियों के क्रम में क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने और स्थिति नियंत्रण के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा गैसाबाद थाना परिसर में प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियो के लिए शिविर लगाया गया। शिविर में थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव के लगभग 150 से अधिक की संख्या में ऐसे लोग शामिल हुए जो किसी न किसी अपराध या विवाद से जुड़े हैं, साथ ही जिन लोगो के आपराधिक मामले लंबित है, ऐसे सभी लोगो के बाऊंड ओवर भरवाए गए। हटा तहसीलदार उमेश तिवारी, थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान की उपस्थिति में पुलिस ने लोगो के बाऊंड ओवर भरवाए और समझाईस भी दी ताकि शांति व्यवस्था कायम रहे।

### अवकाश पर प्रतिबंध

**दमोह देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 की घोषणा शीघ्र होने की संभावना है। निर्वाचन कार्य को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने सभी प्रकार के अवकाश पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। यदि किसी अधिकारी-कर्मचारी को किसी अति आवश्यक कार्य से जाना हो या मुख्यालय से बाहर जाना है तो अवकाश स्वीकृति पश्चात अनुमति मिलने पर ही मुख्यालय छोड़ सकेंगे। उन्होंने कहा है पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी के सभी प्रकार के अवकाश पुलिस अधीक्षक के द्वारा ही स्वीकृत किय जायेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

# दमोह पुलिस द्वारा किया गया ई-लर्निंग के उदघाटन



दमोह देशबन्धु। पुलिस महानिदेशक पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक दमोह सुनील तिवारी के निर्देशन में, अति0 पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक दमोह अभिषेक तिवारी, रक्षित निरीक्षक दमोह हेमन्त बरहैया एवं थाना प्रभारी दमोह देहात आनंद सिंह की उपस्थिति में पुराना कट्रोल रूम दमोह जेल के सामने ई-लर्निंग सेंटर का शुभ-आरंभ किया गया। जिसमें फ्री-इन्टरनेट युक्त कम्प्यूटर के माध्यम से प्रतियोगिता परीक्षाओ एवं स्कूल कांलेज की परीक्षाओं की तैयारी कराई जायेगी इसके साथ ई-लर्निंग सेंटर में प्रोजेक्टर के माध्मय से प्रतियोगिता परीक्षाओ वं स्कूली परीक्षाओ के विषय में वीडियो फिल्म द्वारा लेक्चर एवं मोटिवेशनल स्पीच दिखाई जाने की सुविधा है। साथ ही ई-लर्निंग सेटर में बुक बैक का भी शुभारंभ किया गया जिसमें छात्र-छात्राओ द्वारा अपनी पुरानी बुक जमा कराने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है जिससे जरूरतमद छात्र-छात्राओ को बुक उपलब्ध करा दी जायेगी। इसके साथ-साथ ई-लर्निंग सेंटर में लायब्रेरी, कम्पूटर सेंटर, समाचार पत्र स्टेन्ड आदि की सुविधा है। ई-लर्निंग सेंटर में समस-समय पर विशेषज्ञों द्वारा छात्र-छात्राओ की कैरियर काउस्लिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। ई-लर्निंग सेंटर का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक श्री सुनील तिवारी के द्वारा स्कूल की छात्राओ से कराया गया, उद्घाटन में करीब लगभग 80-90 छात्र-छात्राओ की उपस्थिति रही। उद्घाटन के समय वरिष्ठ समाजसेवी श्री सोनवलकर जी, विपिन चौबे जी एवं अन्य लोगो की गरिमामय उपस्थिति रही है।

## भाजपा दमयंती नगर मंडल की बैठक संपन्न हुई



**दमोह देशबन्धु।** भाजपा दमयंती नगर मंडल की बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा के जिला महामंत्री गोपाल पटेल, रहे, अध्यक्षता पंडित पवन तिवारी दमयंती नगर मंडल के अध्यक्ष भाजपा दमोह ने कहां 25 सितंबर 2023 को भोपाल में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे बूथ से लेकर जिला टोली तक के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य है। मंडल अध्यक्ष पवन तिवारी ने कहां कि आगामी 21 तारीख को जन आशीर्वाद यात्रा हिंडोरिया से बांदकपुर होते हुए अभाना की ओर जाएगी सभी शक्ति केंद्र प्रभारी एवं बूथ अध्यक्ष एवं सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य है और सभी बाइक रैली से हिंडोरिया पंहुचेगे। अमित बजाज ने बताया कि जन आशीर्वाद यात्रा 21 सितंबर 2023 को हिंडोरिया से बांदकपुर पहुंचेगी और सभी कार्यकर्ताओं को बाइक रैली से पहुंचना है। नरेंद्र बजाज ने कहां 22 सितंबर 2023 को माता रुक्मणी जी की स्थापना हेतु सभी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि सभी को शोभायात्रा में सम्मिलित होकर श्री रूक्मणी जी की मंगलमय यात्रा में संम्मिलित होना हैं। बैठक के दौरान शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विक्रम सिंह राजपूत, नगर उपाध्यक्ष श्याम दुबे, नगर महामंत्री रत्नेश खरारे, मीडिया प्रभारी गौरव चौरहा, विजय दुबे, प्रीतम चौकसे, सतीश जैन, अर्चना जैन, महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष सीमा जैन, पंकज नामदेव, विक्की सेन, मयंक यादव, विनोद पटेल, राकेश ठाकुर, हर्ष वर्धन आदि भाजपा के लोगों की उपस्थिति रही।

## ग्राम भौंरासा में हुआ अमृत कलश यात्रा का आयोजन



**दमोह देशबन्धु।** जिले की तहसील पथरिया में मेरी माटी मेरा देश अभियान द्वितीय चरण के अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी सुधीर सिंह के मार्गदर्शन में जन अभियान परिषद से संबद्ध नवांकुर संस्था सेक्टर सदगुंवा, छात्र सर्व कल्याण समिति, ग्राम भौंरासा में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक एवं जिले के यूथ अचीवर्स कृष्णा पटैल के नेतृत्व में अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान हर घर से अमृत कलश में मिट्टी एवं चावल एकत्रित किये गये। कार्यक्रम संयोजक कृष्णा पटैल ने बताया कि मेरी माटी मेरा देश अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत हम प्रत्येक गांव-गांव पहुंचकर अमृत कलश में मिट्टी और चावल एकत्रित कर वीरों को नमन करने का कार्य निरंतर कर रहे हैं, इसी क्रम में आज विभाग के मार्गदर्शन में ग्राम भौंरासा में अमृत कलश यात्रा निकालकर संपूर्ण ग्राम वासियों को भी इस महत्वपूर्ण कार्य से जोड़ने का प्रयास किया गया है। यात्रा के दौरान संपूर्ण ग्राम में भी अत्यंत हर्ष और उल्लास का माहौल देखने मिला वही अपने घरों के बाहर निकलकर ग्रामीणों ने अमृत कलश में मिट्टी और चावल को अर्पित कर वीरों को नमन किया है। अमृत कलश यात्रा के दौरान प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत सरपंच भरत पटैल, शासकीय विधालय प्रधानाध्यापक रामकिशन पटैल, लेखापाल तेजखान, छात्र क्रांति दल जिला सह सचिव सौरभ सोनी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति आशीष पटैल सहित अनेक ग्रामीणजनों और प्रबुद्धजनों की उपस्थिति रही।

### खेलो एमपी गेम्स का आयोजन विकासखंड पथरिया में किया गया



**दमोह देशबन्धु।** खेलो एमपी यूथ गेम्स 2023 खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तर्ज पर खेलो एमपी गेम्स का आयोजन विकासखंड पथरिया में ब्लॉक स्तरीय चयन ट्रायल किया गया। जिसमें वॉलीबॉल कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल एथलेटिक्स बैडमिंटन शतरंज खेलों की ट्रायल चयन विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर खेल मैदान पथरिया में किया गया। युवा समन्वयक संतोषी पटेल द्वारा बताया गया की विभिन्न खेलों में चयनित प्रतिभागी जिला स्तरीय एमपी यूथ गेम्स 2023 में सम्मिलित होंगे एवं भाग लेंगे ट्रायल चयन प्रक्रिया को सफ्ल बनाने में श्री बहादुर अहिरवार पीटीआई कन्या शाला पथरिया, नर्मदा पटेल खेल शिक्षक, विनोद विश्वकर्मा खेल शिक्षक, अरुण पटेल खेल शिक्षक, लव कुश पटेल वॉलीबॉल रैफ्री, सुजीत पटेल राष्ट्रीय खिलाड़ी, सुनील पटेल मॉडल स्कूल पथरिया, गायत्री पटेल के अथक प्रयासों से किया गया।

## ग्राम पंचायत हरदुआ सड़क में तीन दिवसीय पंचों का प्रशिक्षण हुआ

**दमोह देशबन्धु।** जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत हरदुआ सड़क में पंच का प्रशिक्षण हुआ। सर्वप्रथम मां सरस्वती की एवं महात्मा गांधी, बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर प्रशिक्षण शुरू किया गया। जिसमें सरपंच द्वारा सभी को माल्यार्पण किया गया एवं तिलक लगाया गया



इसकी पश्चात प्रशिक्षण का कार्य प्रारंभ हुआ जिसमें ग्राम पंचायत हिनौती खेत सिंह पंच सम्मिलित हुए सभी के लिए पंचायत में जिसमें हरदुआ सचिव महेंद्र राय रोजगार सहायक सुनील यादव सरपंच मिट्ठू लाल सेन हिनौती सचिव शरद धनगर रोजगार सहायक जमिल खान मौजूद रहे जिसमें महेंद्र राय द्वारा पंचों को बताया गया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य आप लोगों को जागरूक करना शासन की योजनाएं को जन-जन तक पहुंचने में आप लोगों की अहम भूमिका होती है इस उपरांत हिनौती सचिव शरद धनगर द्वारा भी लोगों को प्रशिक्षण के बारे में और उनके अधिकार के बारे में बताया गया प्रशिक्षण समापन होने के बाद भोजन की व्यवस्था की गई एवं सामग्री भी वितरण की गई

## कन्या महाविद्यालय में युवा उत्सव में हुई प्रतियोगिताएं



**इटारसी देशबन्धु।** शासकीय कन्या महाविद्यालय इटारसी में युवा उत्सव के द्वितीय दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। युवा उत्सव प्रभारी श्रीमती पूनम साहू ने बताया कि आज महाविद्यालय में हमारे सांस्कृतिक पर्व विषय पर रंगोली, समृद्ध भारत विषय पर चित्रकला, भारत की विज्ञान यात्रा विषय पर पोस्टर निर्माण, सामाजिक बुराइयां विषय पर व्यंग चित्र, एकल गायन (सुगम), एकल गायन (पाश्चात्य), समूह गान (भारतीय) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। डॉ शिखा गुप्ता के निर्देशन में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम श्रेया आरबी, द्वितीय सानिया राइन तथा तृतीय प्रीति केवट रही। श्रीमती शोभा मीना के निर्देशन में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम आयुषी बरखने द्वितीय यशस्वी वर्मा रही।

तरुणा तिवारी के निर्देशन में आयोजित पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम प्रियंका पथोरिया द्वितीय बंदिनी अहिरवार तथा तृतीय सुरभि राजपूत रही। प्रिया कलोसिया के द्वारा आयोजित व्यंग चित्र प्रतियोगिता में प्रथम कुमकुम सैनी द्वितीय ज्योति पूरणकर तथा तृतीय कंचन पटेल रही। डॉ श्रद्धा जैन के निर्देशन में आयोजित समूह गान भारतीय में प्रथम स्थान दिव्या एवं समूह को प्राप्त हुआ। हेमंत गोहिया के निर्देशन में आयोजित एकल गायन सुगम में प्रथम स्थान स्नेह नगर द्वितीय अंजलि रैकवार तथा तृतीय आयुषी बरखाने ने प्राप्त किया। पाश्चात्य एकल में प्रथम स्नेहा नागर द्वितीय आयुषी बरखने रही। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरएस मेहरा ने सभी सफल प्रतियोगियों को बधाई दी।

### शासकीय नवीन प्राथमिक शाला में एफ़एल.एन बुनियादी नवसाक्षरता मेला का आयोजन

**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** शासकीय नवीन प्राथमिक शाला पथरिया सीएम राइज कैम्पस 2 में एफ़एलएन मेला सम्पन्न हुआ। जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर के खरे मुख्य अतिथि, बीआरसी जे के जैन विशिष्ट अतिथि, संकुल प्राचार्य उत्कृष्ठ विद्यालय पथरिया एम एल भारद्वाज की अध्यक्षता, विकासखंड अकादमिक समन्वयक जगदीश पटेल, केशव पटेल, द्वारका करकरे, प्राचार्य के पी विदोलिया सीएम राइज मॉडल स्कूल पथरिया व सैकड़ों मातृशक्ति के रूप उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मां सरस्वती जी के चित्र पर तिलक लगाकर पुष्पमाला अर्पित कर एफ़एलएन मेला का शुभारंभ किया गया। जिसमे सभी अतिथि गणों ने प्रथम स्टॉल से 6 स्टालों का अवलोकन किया। स्कूली छात्र- छात्राओं पंजीयन कर मेला में सभी स्टालों के बारे में मेला प्रभारी आनंद खरे व अन्य शिक्षको के द्वारा समझाया गया। जिसकी उपस्थित सभी गणमान्यों के द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की गई तत्पश्चात सभी गणमान्य अथितियो का शाल, श्रीफ्ल, पुष्प मालाओं व कलम भेंट संस्था के प्रमुख शिक्षक कुंजीलाल पाली के द्वारा किया गया। मेला में उपस्थित संस्था के सभी शिक्षक सुदेश नायक, बी सी अहिरवार, लक्ष्मण सिंह, अजय कोरी, विनोद भारती, कुसुम खटीक एसएमसी अध्यक्ष सविता काछी व उपस्थित मातृ शक्ति के साथ साथ पुरुषोत्तम सेन, अनिल अहिरवार, आनंद बैरागी की उपस्थिति रही।

## 40 लीटर हांथ भट्टी मदिरा और महुआ लाहन बरामद, मौके पर नष्ट किया

**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत जिले में लगातार शराब बंदी पर कार्यवाही की जा रही हैं। इस सबंध में जिला आबकारी अधिकारी दमोह रवींद्र खरे ने बताया अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही के क्रम में आबकारी वृत दमोह ब प्रभारी अनुरोध सेन द्वारा मारुताल ग्राम क्षेत्र एवं किशन तलैया क्षेत्र में कुचबंदियों के घरों की विधिवत तलाशी लेने पर अवैध मदिरा संग्रहण एवं अवैध मदिरा विक्रय के विरुद्ध कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में 5 प्रकरण दर्ज कर 40 लीटर हांथ भट्टी मदिरा एवं 1000 किलो ग्राम महुआ लाहन को बरामद कर मौके पर नष्ट किया गया तथा मौका कार्यवाही कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) (क) (च) के अंतर्गत 05 प्रकरण पंजीबद्ध किये गए। उक्त कार्यवाही में आबकारी आरक्षक जगदम्बा पांडेय, हरिसिंह घुरैया , गौरव हजारी, दीपक पटेल, भूपति सिंह सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे।



# शिक्षक ही विद्यार्थी के जीवन का श्रेष्ठ शिल्पकार : ज्ञानचंदानी

### नवयुवक परिषद के शिक्षक-शिक्षिकाओं हेतु सम्मान समारोह काआयोजन

**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** नवयुवक परिषद द्वारा संचालित नि:शुल्क कोचिंग कक्षाओं में पढ़ाने वाले शिक्षकों का सम्मान समारोह साधु वासवानी स्कूल स्थित नंदवानी ऑडिटोरियम में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नवयुवक परिषद की सहयोगी इकाइयों स्वामी विवेकानंद कॅरियर एकेडमी के शिक्षकों, भगवान कला केंद्र में कम्प्यूटर, सिलाई, फैशन डिजाइनिंग समेत संचालित होने वाले विभिन्न कोर्सेस के ट्रेनर्स, इंस्ट्रक्टर्स एवं नीतू महतानी मेमोरियल लाइब्रेरी के लाइब्रेरियन समेत सभी इकाइयों के ऑफिस स्टॉफ को भी सम्मानित किया गया।





इस अवसर पर परिषद के वरिष्ठ मार्गदर्शक हीरो ज्ञानचंदानी ने समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक ही विद्यार्थी के जीवन का श्रेष्ठ शिल्पकार है, जो अपनी जीवनदायिनी तेजस्विता से छात्र, समाज और राष्ट्र को सुसज्जित करता है। उन्होंने शिक्षकों को अपने कर्तव्यों को पूरा करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि विद्यार्थी-जीवन तप, संयम, समय प्रबंधन और सतत् परिश्रम करने का समय है, इसे गंभीरता से लें ताकि आपके जीवन में ज्ञान ऊर्जा का प्रवाह बना रहे। विद्या अर्जन ही विद्यार्थी की शक्ति है। छात्र-छात्राएं इसी शक्ति के बलबूते गगनचुम्बी लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। अभावग्रस्त जीवन लक्ष्य प्राप्ति में बाधक नहीं बन सकता। संस्था के उपाध्यक्ष एसी साधवानी ने कहा कि परिषद का कार्य अपने आप में अनूठा है। यह पूरी तरह से कार्यकर्ताओं के माध्यम से संचालित संस्था है। आपने परिषद की शुरुआत कैसे हुई, इसकी भी जानकारी प्रदान की। उन्होने कहा कि सदैव परोपकार की भावना रखनी चाहिए, जिससे आप स्वयं सुखी एवं समृद्ध बनेंगे। इस अवसर पर परिषद के पदाधिकारियों द्वारा शिक्षक-शिक्षिकाओं उपहार भेंट किए गए। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षिका सुश्री लता आसनानी, श्रीमती नीतू आहूजा ने और आभार प्रदर्शन सुश्री शालू वरलानी द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में नवयुवक परिषद के महेश दयारामानी, थावर वरलानी, घनश्याम बूलचंदानी, भगवान दामानी, वासदेव मोतियानी, रमेश लालवानी, मनोहर लाल आसवानी, गोपाल गिरधानी, पलाश रिझवानी, सुश्री शालू वरलानी, श्रीमती दुर्गेश सेन, श्रीमती प्रीति आहूजा समेत समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

## नवोदय में राष्ट्रीय शतरंज प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ

**भोपाल, देशबन्धु।** जवाहर नवोदय विद्यालय में तीन दिवसीय चौदहवीं राष्ट्रीय शतरंज समागम प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ मार्च पास्ट एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुमताज खान उपाध्यक्ष एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, विशेष अतिथि संजय भारद्वाज द्रोणाचार्य, अवॉर्डी मनीष बिल्लोरे प्रिंसीपल सिस टैक कॉलेज भोपाल एवं कार्यक्रम की अध्यक्ष सहायक आयुक्त श्रीमती गीतिका शर्मा, क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल संभाग थी। शुभारंभ कार्यक्रम में क्लस्टर इंचार्ज सहायक आयुक्त श्रीमती टी. जयश्री, प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय भोपाल श्रीमती ज्योति सिंह, प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय रायसेन जितेंद्र कुमार मिश्रा, उप प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय सीहोर श्रीमती रीता खत्री, उप प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय भोपाल श्रीमती पुष्पा सिंह एवं सभी नवोदय विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षका श्रीमती काव्य दुबे एवं डॉ. उपमा सिंह द्वारा किया गया । प्रतिस्पर्धा में नवोदय विद्यालय समिति के आठ रीजन चंडीगढ़, हैदराबाद, जयपुर, लखनऊ, पटना, पुणे, शिलांग, भोपाल ने सहभागिता की, जिसमें भोपाल रीजन ने मेजवानी की।




स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

## सार-समाचार

### विधानसभा स्तरीय मंत्री ट्राफी बैडमिंटन प्रतियोगिता 23 का शुभारंभ



**खुरई, देशबन्धु।** मंत्री प्रतिनिधि लखन सिंह ने खुरई विधानसभा क्षेत्र की मंत्री ट्राफी बैडमिंटन प्रतियोगिता 23 का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में अंडर.19 व ओपन वर्ग की प्रतिस्पर्धी हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर मंत्री प्रतिनिधि ने अपने संबोधन में बताया कि खुरई विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण व नगर मंडल के लिए दोनों वर्गों के प्रतिभागियों के लिए आज से बैडमिंटन स्पर्धा आरंभ हुई है। हर वर्ग में प्रतिष्ठित मंत्री ट्राफी के साथ विजेता को 21 हजार व उपविजेता को 11 हजार रुपए की पुरस्कार राशि रखी गई है। मंत्री भूपेंद्र सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के युवाओं को खेल के क्षेत्र में नेशनल व इंटरनेशनल कांप्टीशन के लिए समर्थ बनाने का प्रण लिया था।

### पर्यूषण पर्व का प्रारंभ भी क्षमा से और अंत भी क्षमा से होता है: मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** पर्यूषण पर्व का संबंध सृष्टि के सृजन से जुड़ा हुआ है। जैन आगम के प्रसिद्ध ग्रंथ तिलोय पण्णति में कहा गया है कि अवसपंणी काल के अंत में सृष्टि के प्रलय के रूप में 49 दिन तक सात-सात दिन की सात कुवृष्टियां होती हैं और कुवृष्टियों के बाद सात-सात दिन की सात सुवृष्टियां भी होती है। जिससे कुवृष्टियो का प्रलय होता है और सृजन की शुरुआत होती है ऐसे सृजन के वातावरण को पाकर छिपे हुए प्राणी, गुफाओं आदि से निकलकर विचरण करने लगते हैं यह बात मुनि श्री सुदत्तसागर ने अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही, मुनि श्री ने कहा आगम में युग की आदि श्रावण कृष्णा एकम मानी गई है। क्षुल्लक श्री चंद्र दत्त सागर ने कहा की सृष्टि के सृजन का प्रथम दिन है पंचमी, पर्यूषण पर्व जिसमें हम सृजन साधना की शुरुआत मानते हैं यही इस पर्व की महत्वपूर्ण होने की वैशिष्टय है। क्षमा से इसका प्रारंभ है और क्षमता से अंत। नीव भी क्षमा और कलशारोहण भी क्षमा से है। क्षमा मां के समान महत्वपूर्ण है, मां से ही सब का जन्म होता है। मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया कि आज आचार्य श्री शांति सागर के 69 वे समाधि दिवस पर पूजन आराधना विनयांजलि सभा, श्रद्धांजलि, भजन, काव्य और आचार्य श्री शांति सागर के जीवन वृत पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया है।

### जिले में अब तक हुई 80.64 प्रतिशत औसत बारिश

**सागर, देशबन्धु।** बंगाल की खाड़ी से उठे सिस्टम के असर से सागर जिले में बारिश का दौर जारी है। रुक-रुककर हो रही बारिश से दिन और रात के तापमान में गिरावट आई है। वहीं नदी-नालों का जलस्तर बढ़ा है। जिले में 1 जून से अब तक 992.3 मिमी औसत बारिश हो चुकी है। जबकि पिछले साल 16 सितंबर तक 1284.2 मिमी औसत बारिश दर्ज की गई थी। सागर जिले की सामान्य औसत बारिश 1230.5 मिमी है। इस प्रकार जिले की सामान्य औसत बारिश की तुलना में अब तक 80.64 प्रतिशत बारिश हुई है जो पिछले साल हुई बारिश की अपेक्षा 22.73 प्रतिशत कम है। शनिवार सुबह से आसमान में बादलों की आवाजाही जारी है। दोपहर के समय बादलों के बीच धूप-छांव का सिलसिला बना हुआ है। इस दौरान सागर का अधिकतम तापमान 26.8 डिग्री और न्यूनतम पारा 21.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि शुक्रवार रात शहर समेत जिले के ग्रामीण इलाकों में झमाझम बारिश हुई। इस दौरान जैसीनगर विकासखंड में सबसे ज्यादा 82 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 24 घंटों में सागर जिले के अलग-अलग हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। जिले में पिछले 24 घंटों में झमाझम बारिश हुई। इस दौरान जिले के लगभग सभी विकासखंडों में बारिश दर्ज की गई। भू.अभिलेख कार्यालय के अनुसार शुक्रवार रात सागर में 35.4 मिमी, जैसीनगर में 82.4 मिमी, राहतगढ़ में 22, बीना में 50.2, खुरई में 18.6, मालथौन में 62.2, बंडा में 57, शाहगढ़ में 43, गढ़ाकोटा में 32.4, रहली में 28, देवरी में 45.2 और केसली में 73.2 मिमी बारिश हुई। इस प्रकार जिले में पिछले 24 घंटों में 45.8 मिमी औसत बारिश दर्ज की गई।

### इंजीनियर-डे पर हुआ आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** मप्र डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन जिला समिति सागर के द्वारा 15 सितंबर को एक होटल में इंजीनियर-डे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, पीडब्लूडी एवं डब्ल्यूआरडी के उपयंत्री, सहायक यंत्री, एसडीओ, अधीक्षण यंत्री एवं कार्यपालन यंत्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर कार्यक्रम का आभार जिला समिति के अध्यक्ष अभिलाष राय सहायक यंत्री के देवरी के द्वारा व्यक्त किया गया।

# पत्थर मार दो दर्जन गाड़ियों के फोड़े कांच



**रहली, देशबन्धु।** घरों के बाहर खड़े चार पहिया वाहनों में एक युवक ने पत्थर मारकर तोड़फोड़ की। शनिवार सुबह लोग जागे और घर के बाहर आए तो गाड़ियों के कांच टूटे मिले। घटनाक्रम की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। जिसमें एक युवक कारों पर पत्थर मारते हुए नजर आ रहा है। फुटेज के आधार पर पुलिस ने युवक की तलाश की और पकड़ लिया। युवक मानसिक रूप से कमजोर है। जिसे पुलिस ने परिवार वालों के हवाले कर दिया है। जानकारी के अनुसार रहली में चांदपुर तिराहा समेत आसपास के अलग-अलग स्थानों पर शुक्रवार देर रात घरों के बाहर खड़ी करीब दो दर्जन गाड़ियों के पत्थर मारकर कांच फोड़ दिए गए। इसके अलावा एटीएम के भी कांचे फोड़े हैं। मामला सामने आते ही लोगों की भीड़ लग गई। सीसीटीवी में एक युवक पत्थर मारकर कार के कांच फोड़ते हुए दिखा। रहली पुलिस ने जांच करते हुए युवक को पकड़ लिया। उक्त युवक दिमागी रूप से कमजोर बताया जा रहा है। वह देर रात तक नगर में घूमता है। इसी दौरान उसने गाड़ियों पर पत्थर मारकर कांच फोड़े। रहली थाना प्रभारी विनोद विनायक करकरे ने बताया कि युवक की दिमागी हालत ठीक नहीं है। युवक को पड़ककर परिवार वालों के सुपुर्द किया गया है। वे उसका इलाज कराने के लिए लेकर गए हैं।

## एकजुट होकर प्रदेश में कांग्रेस का परचम लहराना है



**राहतगढ़, देशबन्धु।** शनिवार को ब्लॉक कॉलोनी में सुरखी विधानसभा क्षेत्र का कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक कांग्रेस नेता नीरज शर्मा थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष आनंद अहिरवार ने कार्यकर्ताओं से कहा कि गांव-गांव में कांग्रेस की रीति नीति को बताकर पार्टी को मजबूती दें और प्रदेश में कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनाने एकजुट हो जाए। नीरज शर्मा ने कहा कि भाजपा के राज में हर व्यक्ति भय, भूख, भ्रष्टाचार से परेशान है। हम सब कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाना है। सम्मेलन को अजय दांतरे, पीपी नायक आदि नेताओं ने संबोधित कर कार्यकर्ताओं को आगामी चुनाव में कांग्रेस को मजबूत करने टिप्स दिए। इस मौके पर प्रहलाद पटेल, सीमा चौधरी, भैरवप्रसाद आठिया, लालमिया, नहीम मंसूरी, किरन रिछारिया, दातार सिंह, वीरेंद्र लोधी सहित मंडलम अध्यक्ष, बीएलए आदि क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

### 6 बिस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में हुआ उन्नयन

**मकरोनिया, देशबन्धु।** नरयावली विधायक प्रदीप लारिया के लगातार प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत नरयावली में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उन्नयन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया है। प्राथ. स्वा. केन्द्र नरयावली के उन्नयन के संबंध में विधायक द्वारा विधानसभा सत्र के दौरान भी सदन को अवगत कराया गया था एवं भोपाल प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री एवं विभागीय अधिकारियों से चर्चा की थी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन पश्चात अब स्वास्थ्य केन्द्र में सर्जिकल, पीडाईट्रिक, गायनिक, एनेथिसिया स्पेशलिस्ट, मेडिकल ऑफीसर, स्टॉफ नर्स, रेडियोग्राफर, लेब टेकनिशियन, फार्मासिस्ट, डेऊसर, ओटी अटेनडेंट, वार्डवाय, ड्राइवर, स्वीपर आदि स्टॉफ की सुविधा के साथ प्रसव सुविधा भी मिलेगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के उन्नयन पर ग्राम वासियों एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारियों ने विधायक के प्रति आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

### पर्यूषण पर्व के दौरान 10 दिन बंद रहेंगी मांस विक्रय की दुकानें, नगर में मुनादी कराई

**शाहगढ़, देशबन्धु।** नगर परिषद ने दस दिनों के लिए नगर में मांस की सभी दुकाने बंद करने का आदेश दिया है। 19 से 28 सितंबर तक सभी मांस की दुकाने बंद रहेंगी। इस बारे में जानकारी देते हुए नगर परिषद सीएमओ एमजी गोस्वामी ने बताया कि इस बारे में निकाय विभाग से आदेश प्राप्त हुए हैं। प्राप्त आदेशों के तहत 19 से 28 सितम्बर तक नगर परिषद क्षेत्र में सभी अंडा मांस बिक्री की दुकानें रहेंगी। इन दस दिनों में पर्यूषण पर्व मनाया जाएगा। उन्होंने नगर क्षेत्र में स्थित मांस बिक्री करने वाले व्यक्तियों से कहा कि वे इन दस दिनों के दौरान अर्थात 19 से 28 सितम्बर तक अपनी दुकानों को बन्द रखें, अगर इस दौरान नगर में कोई मांस की दुकान खुली रहती है तो नगर परिषद की गठित टीमें इन दिनों के दौरान क्षेत्र में लगातार निगरानी करेंगी तथा आदेशों की पालना नहीं करने वालों के खिलाफ कारवाई की जाएगी।

## अमृत-कलश यात्रा का चौथे दिन वार्डों में पहुंची, नागरिकों को शपथ दिलाई



**सागर, देशबन्धु।** महापौर संगीता तिवारी तथा निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार नगर के समस्त वार्डों में क्रमानुसार वार्ड पार्षद के नेतृत्व में अमृत कलश यात्रा निकाली जा रही है जो चौथे दिन लाजपतपुरा, शनिचरी, शुक्रवारी, तिलकगंज और दयानंद वार्ड पहुंची। जहां यात्रा के दौरान नागरिकों को जगह-जगह पंचप्रण की शपथ दिलाई गई और नागरिकों ने अमृत कलश यात्रा के माध्यम से देश को अपना सर्वत्र न्यौछावर करने वाले बलिदानों का स्मरण किया। लाजपतपुरा वार्ड की अमृत कलश यात्रा का शुभारंभ डॉ. हरि सिंह गौर जन्मस्थली के समक्ष नागरिकों द्वारा पंचप्रण की शपथ लेकर किया गया, यात्रा शनिचरी वार्ड, शुक्रवारी वार्ड, तिलक गंज वार्ड से होते हुए महर्षि दयानंद वार्ड पहुंची। कलश यात्रा के दौरान नागरिकों से मिट्टी और चावल का अमृत कलश में एकत्रीकरण किया गया और नागरिकों को जगह-जगह पंचप्रण की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नईम खान, ताहिर मासाब, बबलू शेख रशीद, जिनेश साहू के साथ यात्रा के नोडल अधिकारी विजय दुबे, उपयंत्री दिनकर शर्मा, जोन प्रभारी, वार्ड कर संग्राहक एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## जेपी कंपनी से हो रही समस्याओं के विरोध में किसानों ने बारिश में भीगते हुए किया प्रदर्शन



**बीना, देशबन्धु।** जेपी कंपनी से हो रही समस्याओं के विरोध में किसानों ने जेपी कंपनी के गेट क्र.1 के सामने धरना प्रदर्शन किया। सभी किसान देर शाम तक बारिश में भीगते हुए प्रदर्शन करते रहे। भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष राजाभाई सिंह दांगी ने बताया कि कई शिविर होने के बावजूद भी अभी तक सभी किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। जिसके कारण किसानों को दिक्कत हो रही है। कंपनी के अधिकारी केवल दस्तावेज करने जमा करने में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि जेपी कंपनी के आस पास की जो भूमि है उसमें कोयले की धूल उड़ती है। जिस कारण से आसपास की फसलें नष्ट हो जाती है। कंपनी से निकले अपशिष्ट पदार्थों की राख हवा द्वारा आसपास के क्षेत्र में फेलती है। जिससे जल, वायु प्रदूषण हो रहा है। इससे विभिन्न प्रकार की बीमारी फैल रही है। जेपी कंपनी का केमिकल युक्त दूषित पानी छोड़ा जाता है। जिससे आसपास की उपजाऊ कृषि भूमि की उर्वरक क्षमता कम होती जा रही है। दूषित पानी से फसलें नष्ट हो जाती है। शासन और जेपी प्रबंधन के मध्य हुए एग्रीमेंट के नियमानुसार संबंधित किसान परिवारों के सदस्यों को स्थायी नौकरी रोजगार प्रदान नहीं किया गया है। इन किसान परिवारों के सदस्यों को स्थायी रोजगार दिया जाना चाहिए। किसान गोविंद सिंह ठाकुर ने बताया कि जेपी कंपनी के अधिकारी किसानों से खाली दस्तावेज ले रहे हैं लेकिन किसानों के हाथों कुछ नहीं लग रहा है। पिछले दो महीने में 27 लोगों को नौकरी दी गई हैं। जेपी कंपनी और प्रशासन ने शिविर आयोजित करने के बावजूद भी अभी तक सभी लोगों को नौकरियां नहीं दी है। इस दौरान किसानों में अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। किसानों ने कहा कि यदि जल्द ही हमारी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो 25 सितंबर को सभी किसान मिलकर खेतों की जुताई करेंगे।


### हिंदी हमारे राष्ट्रीय गौरव व अस्मिता का प्रतीक है: डॉ. देवदत्त द्विवेदी

**सागर, देशबन्धु।** विगत वर्षों कोरोना ने आम आदमी को झंझकोर कर रख दिया था यह उसके समझ के बाहर था कि वह अपनी मूल धारा में कैसे सम्मिलित हो तब ही बुंदेलखंड की साहित्यिक इकाई जो हमेशा अपने संघर्ष के लिए जानी जाती है उस बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच में अपने साथियों के साथ हम नकारात्मकता को त्याग सकारात्मक का सृजन करेंगे और विगत 30 वर्षों से पूरी निष्ठा के साथ 174 वीं साप्ताहिक गोष्ठी आज संयोजक साहित्य संत मणीकांत चौबे के संयोजकत्व तथा प्रसिद्ध बुंदेली कवि डॉ देवदत्त द्विवेदी की अध्यक्षता में श्रेष्ठ काव्य धारा प्रवाहित हुई। गोष्ठी के पूर्व संचालक डॉ. नलिन जैन ने संचालन शुरू करते हुए ख्यातनाम कवियित्री डॉ. चंचला दवे को वंदना के लिए आमंत्रित किया और गोष्ठी प्रारंभ हुई। अध्यक्ष डॉ. देवदत्त द्विवेदी सरस ने हिंदी दिवस और हिंदी की महत्ता पर विचार रखते हुए कहा कि प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाते तो है पर जीवन के व्यवहारिक कार्य जैसे कि न्यायालय, उच्च शिक्षा की पढ़ाई, चिकित्सा आदि क्षेत्रों में अंग्रेजी में ही कार्य हो रहें हैं, अंग्रेजी अभी भी बोलचाल में विशिष्टता का दर्जा प्राप्त है। यह सब तभी दूर होगा जब हिंदी राष्ट्र भाषा का दर्जा प्राप्त करेगी। हमें सदा स्मरण रखना है कि हिंदी राष्ट्रीय गौरव व अस्मिता का प्रतीक है। संयोजक मणीकांत चौबे ने सर्व के सुख शांति पूर्ण जीवन की मंगल कामना करते हुए कहा समय परिवर्तन व गतिशील है। काव्य पाठ करते हुए कहा कि हवा का रुख बदला, दिशा बदली, स्वाद बदला। आ गया है कसैलापन, बढ़ रही है बहुत दुर्गंध, लगातार बढ़ रहे बारूद के शौक का परिणाम है। इस गोष्ठी में विभिन्न प्रान्तों से आमंत्रित कवियो ने काव्य की विभिन्न प्रस्तुतियां दी। संगोष्ठी में साहित्य मनीषी व प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे और कवियों का उत्साह वर्धन किया और गोष्ठी के संयोजक मणीकांत चौबे बेलिहाज ने आभार व्यक्त किया।

### करंट लगने से युवक की मौत

**खुरई, देशबन्धु।** शहरी थाना क्षेत्र के महूना कायस्थ गांव में घर में ही लाईट सुधार रहे एक 27 वर्षीय किसान की करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार खेत में काम करने के बाद किसान अजय उर्फ भारत पटेल अपने घर लौटकर बल्ब के होल्डर को ठीक करने लगा। उस समय बारिश में भीगने के कारण उसके हाथ पैर गीले थे और बारिश के कारण जमीन में भी नमी थी जिससे उसे करंट का तेज झटका लगा। कुछ देर बाद जब घर के सदस्यों ने देखा तो तत्काल युवक को अस्पताल लेकर आए, लेकिन युवक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

## स्वच्छता और देखरेख में पार्षद व नागरिक भूमिका निभाएं: सरोज सिंह



**बांदरी, देशबन्धु।** जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज सिंह ने बांदरी नगर परिषद क्षेत्र के 6 वार्डों में 1.5 करोड़ की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। नगर परिषद के वार्ड 2 पिथौली में 10 लाख की लागत से निर्मित हो रहे सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया और मंदिर के पास 1.70 लाख की लागत से लगाए गए 25 केवीए के ट्रांसफार्मर का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि मंत्री भूपेंद्र सिंह ने क्षेत्र के विद्युतीकरण कार्य को सशक्त बनाने के लिए विद्युत लाइनों, विद्युत पोल व अधिक शक्ति के ट्रांसफार्मरों की स्थापना कराई है। स्ट्रीट लाइटों व हाईमास्ट लाइटों के माध्यम से क्षेत्र के जनजीवन को सुरक्षित और आसान बनाया है। सरोज सिंह ने वार्ड 3 नेतना में 25 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण व विद्युतीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होंने वार्ड 3 के ही इमलिया में 50 लाख की लागत से बन रहे खेल मैदान का भूमिपूजन किया। बांदरी नगर परिषद के वार्ड 4 के पहरगुवां पहुंचीं सरोज सिंह ने 15 लाख की लागत से स्थापित हुए स्ट्रीटलाईट सिस्टम व पोल विस्तार कार्य का लोकार्पण किया। वार्ड क्र. 7 पिठौरिया मे 20 लाख की लागत से बनकर तैयार हुई माता मंदिर के पास स्थित बाउंड्री वॉल तथा विद्युतीकरण कार्य का लोकार्पण किया। वार्ड 9 मूड़री में 25 लाख की लागत से बनी सीसी रोड व विद्युतीकरण कार्य का लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती सिंह ने कहा मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बांदरी नगर परिषद के सभी वार्डों को स्वतंत्र नगरों के रूप में विकसित करने की परिकल्पना को साकार करके दिखाया है। आप सभी का दायित्व है कि वार्डों में स्वच्छता, सार्वजनिक संपत्तियों का रखरखाव व निर्माण कार्यों की देख रेख का कार्य स्थानीय पार्षदों व नागरिकों को निरंतर करना चाहिए।

## कुर्मी क्षत्रिय समाज का संभागीय प्रतिनिधि सम्मेलन संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा आयोजित संभागीय प्रतिनिधि सम्मेलन रवींद्र भवन सागर में सम्पन्न हुआ। कुर्मी समाज को संख्या के अनुपात में 23 टिकिट देने समाज की कुरीतियों मृत्युभोज बंद करने, शादी विवाह टीका लगुन आदि में फिजूलखर्ची रोकने, दिन की शादियां करवाने पर विचार हुआ। मृत्युभोज बंद करने पर बीडी पटेल रहली की सराहना की गयी। सम्मेलन में पिछड़े वर्ग के प्रतिनिधि भी काफी संख्या में उपस्थित रहे। ओबीसी की जातिगत जनगणना कराने तथा संख्यानुपात में ओबीसी को विधायिका, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका में भागीदारी दिये जाने पर बल दिया। पिछड़े वर्ग के प्रतिनिधियों ने शीघ्र ही ओबीसी की एक विशाल आमसभा करने का निर्णय लिया। कुर्मी समाज और ओबीसी को संख्या के अनुपात में टिकट न मिलने पर राजनैतिक पार्टियों के समर्थन देने न देने पर टिकट की घोषणा के बाद पुन: विचार कर निर्णय लेने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद राजमणि पटेल, कार्यक्रम की अध्यक्षता महिंद्र सिंह पूर्व डिप्टी कलेक्टर, प्रांताध्यक्ष कुर्मी क्षत्रीय समाज के द्वारा की गयी। वक्ता के रूप में बीडी पटेल, जीवन पटेल, एड. रामेश्वर ठाकुर, रामकृपाल सिंह पटेल, लखन पटेल छतरपुर, एड. विनायक शाह हाईकोर्ट जबलपुर, अशोक कुशवाहा, अजय सेन सहित अनेक वक्ताओं ने कार्यक्रम को संबोधित किया। और अंत में आभार कुर्मी क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष हरगोविंद कुर्मी और युवा जिलाध्यक्ष देवेंद्र कुर्मी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में बढी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## अहिरवार समाज संघ की बैठक सम्पन्न



**सागर, देशबन्धु।** अहिरवार समाज संघ भारत जिला सागर की सामाजिक बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष रामप्रसाद चौधरी ने किया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष एमएल वर्मा थे। बैठक का उद्देश्य अहिरवार समाज को एकजुट करने और समाज से कुरीतियों को दूर करने का सभी उपस्थित लोगों से आह्वान किया गया तथा 24 सितंबर को भोपाल में आयोजित होने वाले प्रांतीय अधिवेशन में अधिक से अधिक समाज के लोगों को पहुंचने की अपील की गई। बैठक में प्रांतीय सचिव एचडी अहिरवार, संभागीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद अहिरवार, संभागीय उपाध्यक्ष दशरथ अहिरवार, आरपी रोहित, जिलाध्यक्ष रामप्रसाद चौधरी, मोहनलाल अहिरवार, पीएल अहिरवार, राकेश अहिरवाल संभागीय महासचिव, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सीपी अहिरवार, युवा प्रकोष्ठ ग्रामीण जिलाध्यक्ष नीलेश गौतम एवं महिला शक्ति से शारदा अहिरवार महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष, पुष्पा अहिरवार, साधना अहिरवार आदि मौजूद रहे।

## न्यू भारतीय पत्रकार संघ का चुनाव संपन्न



**गौरझामर, देशबन्धु।** न्यू भारतीय पत्रकार संघ की बैठक आयोजित की गई। जिसमें संगठन चुनाव सर्व सम्मति से संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद हेतु प्रहलाद साहू को चुना। जबकि उपाध्यक्ष गिरीश शर्मा, सचिव सीताराम लोधी को सर्वसम्मति से चुना। इस दौरान जनता के मुद्दो, हितों की लड़ाई लड़ने वाले पत्रकारों के खिलाफ झूठी शिकायते, पत्रकार सुरक्षा पर चर्चा कर पत्रकार हितों को लड़ाई लड़ने का आह्वान किया। इस दौरान कुंदनलाल चौरसिया, मुकेश जैन, विजय भारिल्ल, बबलू ठाकुर, प्रीतम लोधी, दीपक विश्वकर्मा, भूपेंद्र सिंह सहित पत्रकार संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

## हनुमत सिंह पुन: बने रोजगार सहायक संघ के अध्यक्ष



**बण्डा, देशबन्धु।** जनपद सभागार कक्ष में रोजगार सहायक संघ की बैठक आयोजित हुई जिसमें अध्यक्ष पद हेतु पूर्व अध्यक्ष हनुमत सिंह राजपूत झागरी को पुन: सहायक सचिव संघ अध्यक्ष चुना गया। हनुमत सिंह पूर्व में भी रोजगार सहायक संघ के अध्यक्ष रह चुके हैं और समय-समय पर रोजगार सहायकों की समस्याओं को ज्ञापन के माध्यम से और अन्य संचार माध्यमों से अधिकारियों की समक्ष रखते रहे हैं और रोजगार सहायकों की समस्याओं को हल करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहे, हनुमत सिंह राजपूत ने बताया कि मेरा यह प्रयास रहेगा की रोजगार सहायकों का हमेशा सहयोग करू और जो भी रोजगार सहायकों को पंचायत कार्य संबंधी समस्या आती हैं उन्हें अपने वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष रख सकूं। बैठक में जयनारायण यादव, श्यामाचरण शुक्ला, भूपेंद्र राजपूत, नवनीत मिश्रा, जितेन्द्र राजपूत, देवेंद्र लोधी सहित सभी सहायक सचिव उपस्थित रहे।

### निर्वाचनों में मीडिया की भूमिका पर पत्रकार प्रशिक्षण आज

**सागर, देशबन्धु।** संभागीय जनसम्पर्क कार्यालय सागर द्वारा आज आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों को देखते हुए निर्वाचनों में मीडिया की भूमिका विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। पूर्वान्ह 10.30 बजे से होने वाले इस प्रशिक्षण में प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधि भाग लेंगे। प्रशिक्षण में जिला एवं पुलिस के अधिकारियों द्वारा विषय के संबंध में जिला प्रशासन और पुलिस की मीडिया से अपेक्षाओं पर उदबोधन होगा। शासकीय आटर्स एवं कॉमर्स कॉलेज के प्रो. अमर जैन द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने में मीडिया के योगदान पर चर्चा की जायेगी। पेड न्यूज एवं एमसीएमसी के मास्टर ट्रेनर शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य प्रो. वायपी सिंह द्वारा पेड न्यूज और एमसीएमसी के संबंध में प्रशिक्षण दिया जायेगा।